तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 26 नवंबर 2024



08 आज संविधान दिवस, मनरेगा अमृत सरोवर स्थल पर होंगे जिले में विविध आयोजन





09 फरमानिया ट्रस्ट ने बांटे बच्चों को स्वेटर






## खबर संक्षेप

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 3.50 लाख की ठगी



भिलाई। लोगों को पार्ट टाईम नौकरी का लालच देकर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक झारखंड का रहने वाला है। वह ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया। शिकायत के बार कुम्हारी पुलिस झारखंड गई और आरोपी युवक दौलत कुमार पिता स्व. सत्य नारायण महतो उम्र 24 वर्ष पता लाल बथान करगिल पंचायत मखमलपुर पोष्ट रामपुर थाना गुफ्फसिल जिला साहेबगंज झारखण्ड को गिरफ्तार कर यहां लाई। कुम्हारी पुलिस के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रार्थी गुरुमुख सिंह पिता सुखविन्दर सिंह 28 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात गोबाईल नंबर 8294391411 धारक द्वारा उसे पार्ट टाईम जाब कर 500 रुपए से लेकर 50000 हजार रुपये कमा सकते हो की लालच देकर ठगी की। प्रार्थी से आरोपी युवक दौलत कुमार ने थोडी-थोड़ी रकम कुल 350400 रुपए की ठगी कर ली। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत कायम किया गया। रिपोर्ट के बाद आरोपी की पतासाजी करने जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने टीम बनाई।थाना प्रभारी जेआर कुर्रे ने साइबर सेल की मदद ली। साइबर सेल भिलाई से यह पता चला कि ठगी किये जाने वाले मोबाईलधारक का नाम दौलत कुमार है।

### बीएसपी के अधिकारी मिले रिसाली निगम महापौर से, सहयोग के लिए मांगा अमला

# मरोदा टैंक के आउटलेट पर 37 बड़े कब्जे, अब तोड़ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि सरोकार

मरोदा टैंक के विस्तार की कार्ययोजना बीएसपी ने तैयार की है। वर्तमान में इसके स्टेशन मरोदा और नेवई के कुछ हिस्से में आउटलेट पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। बीएसपी ने इसे लेकर सर्वे भी कराया, जिसमें 37 से ज्यादा बड़े कब्जे सामने आए हैं। लोगों ने ऊंचे रसूख का दंभ दिखाकर पक्का निर्माण कर लिया है।

आउटलेट पर हुए इस निर्माण से लंबे समय से पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। इसे देखते हुए बीएसपी ने पिछले दिनों इसका सर्वे कराया। साथ ही कार्रवाई को लेकर पूरी तैयारी कर ली है। सोमवार को बीएसपी के अधिकारी केके यादव सहित अन्य निगम पहुंचे। उन्होंने महापौर शशि सिन्हा सहित अन्य से मुलाकात की। वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही कार्रवाई में सहयोग और अमले की डिमांड की। बहरहाल इस पूरे मामले में अंतिम सहमति नहीं बन पाई है। खबर है कि बीएसपी ने कार्रवाई को लेकर डिग्री भी पारित करा लिया है। हालांकि इसका खुलासा नहीं किया है। बता दें कि कार्रवाई होने की स्थिति में कानून व्यवस्था बिगड़ने का भी खतरा जताया गया है।

### रिसाली निगम और बीएसपी अफसरों के बीच बैठक

#### वार्ड-34 के पार्षद का निधन इसलिए ज्यादा अव्यवस्था

जानकारी के मुताबिक नेवई बस्ती पश्चिम वार्ड-34 के पार्षद डोमन बारले का निधन हो गया है। उनके निधन के बाद से पूरा वार्ड अनाथ जैसा हो गया है, वार्ड में मूलभूत जरुरतों को लेकर भी लोगों को जूझना पड़ रहा है। इसके अलावा कब्जेधारी सक्रिय हो गए हैं, जो जहां-तहां कब्जा कराने का काम करा रहे हैं। वहीं मरोदा टैंक के आउटलेट पर पिछले करीब 10 सालों में पक्का निर्माण कराया गया है। लोगों ने मकान तक बना लिए हैं।

#### एनओसी नहीं देने का मामला कलेक्टर के पास पहुंचा

बता दें कि बीएसपी टाउनशिप का अधिकांश हिस्सा भिलाई और रिसाली निगम क्षेत्र में आता है। जहां लोगों की जरुरतों से जुड़े कार्यों के लिए दोनों स्वायत्तशासी संस्था को बीएसपी ने अनापत्ति लेनी होती है, लेकिन बीएसपी द्वारा समय पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। दोनों निगमों के आयुक्तों ने इस मामले को लेकर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को अवगत कराया है। कलेक्टर ने भी मामले में नाराजगी व्यक्त की है।

#### खम्हरिया वितरण नहर पर कब्जा

शहर से होकर गुजरनी वाली खम्हरिया वितरण नहर में भी कब्जे हैं। नियमित सफाई और अनदेखी के चलते कई लोगों ने इस पर पक्का निर्माण कर लिया है। मकान, दुकान, गुमटियां सजा ली हैं। इसके कारण गर्मी के दिनों में तांदुला से निस्तारी के लिए छोड़े जाने वाले पानी की निकासी में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लगातार शिकायत के बाद भी न ही सिंचाई विभाग ने इसे गंभीरता से लिया है, न ही स्थानीय एजेंसियों ने रूचि दिखाई है। इसके कारण लगातार नहर की जगह पर कब्जे बढ़ते जा रहे हैं। इन कब्जों को हटाने को लेकर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। नहर उतई से शुरू होकर रिसाली, टाउनशिप, भिलाई शहर होते हुए स्मृतिनगर, जुनवानी होते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की ओर बढ़ती है, कई जगहों पर नहर गायब हो चुकी है।

### मरोदा, रिसाली और रुआबांधा सेक्टर में बैकलेन की होगी नियमित सफाई



टाउनशिप के मरोदा सेक्टर, रिसाली सेक्टर, रूआबांधा सेक्टर के बैकलेन की अब से नियमित सफाई होगी। महापौर शशि सिन्हा के निर्देश के बाद बीएसपी के अधिकारियों ने इसकी कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सफाई संबंधी कार्यो पर विस्तार से चर्चा हुआ। बीएसपी के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे सफाई को लेकर गंभीर है। अधिकारी निगम के साथ सहयोगात्मक रवैय्या अपनाऐंगे। सोमवार की दोपहर यह बैठक हुई। इसमें सीवरेज लाइन की सफाई को लेकर भी कड़े निर्देश दिएगए। बैठक में एमआईसी मेंबर संजू नेताम, जहीर अब्बास, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, परमेश्वर, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव पार्षद जमुना ठाकुर, शीला नारखेड़े, बीएसपी अधिकारी केके यादव, आरके गर्ग, गोपाल वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में मार्केट की सफाई, झाड़ियों की कटाई, प्रकाश व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। इसमें महापौर ने व्यवस्था सुधार के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सड़क पर मरने के बाद पड़े जानवरों को 24 घंटे के अंदर हटाने के भी निर्देश दिए।

# मंदिर के सामने खड़ी कार में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेक्टर 6 राधा कृष्ण मंदिर परिसर के पास खड़ी कार में अचानक आग लग गई। लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। ब्रिगेड की टीम ने आग को काबू में लिया। अग्रिशमन एवं आपातकालीन सेवाए के दुर्ग जिला अग्रिशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया की रविवार व सोमवार की दरमियानी रात्रि 12 के करीब सेक्टर 6 राधा कृष्ण मंदिर परिसर में खड़े वाहन क्रमांक सीजी 07ए टी 5689 कृष्ण कुमार द्विवेदी के कार में आग लगने की अग्रिशमन कार्यालय दुर्ग को सूचना मिली। सूचना मिलते ही अग्रिशमन एवं आपदा प्रबंधन की टीमों उत्काल रवाना किया गया और वहाँ पहुंचकर नग्रिशमन कर्मियों ने बड़ी सावधानी पूर्वक भाग को बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। काबू पाने में एक मडिशबन गाड़ी पानी उपयोग किया गया। इस आगजनी को काबू करने में दल प्रभारी महेंद्र कुमार चटेल, अद्रितभर कर्मी राजेश कुमार, रमेश कुमार, भौष्म कुमार, भूर्पत कुमार ने भूमिका निभाई। किसी भी आपातकालीन स्थिति में कार्यालय नंबर 0798-2320120 पर संपर्क करने की अपील जिला सेनानी ने की है।






### वाइस मैसेज भी किया वायरल

# ट्रेन के टॉयलेट में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



गोदिया इंटरसिटी एक्सप्रेस के टॉयलेट में भिलाई के युवक अणू उर्फ जगबंधु साथ द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या करने से पहले उसने एक वाईस मैसेज वायरल कर दिया है। वॉइस मैसेज सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वॉइस मैसेज में मृतक युवक के द्वारा इस आत्मघाती कदम उठने के लिए चार लोगों के नाम का उल्लेख किया है। इस वॉइस मैसेज के अनुसार पूरा मामला प्रेम प्रसंग का लगता है। मगर सोशल मीडिया में वायरल हुए इस वॉइस मैसेज में बहुत ही मार्मिक आवाज में रोते हुए मेल पर्सन किसी सत्री को संबोधित करते हुए कर रहा है कि उसके पूरे जीवन को मक्कनी, मनीषा, अनीता और सचिन चारों ने मिलकर पूरी प्लानिंग के साथ बेटे को मां से भाई को बहन से एक परिवार से अलग कर दिया है। उसकी पूरी परेशानी का कारण ये चारों लोग है और इन लोगों के कारण यह आत्मघाती कदम उठा रहा हूं।

#### जांच करेंगे

सोशल मीडिया में चल रहे वाइस मैसेज की जांच की जाएगी। उसके बाद ही यह पता चल सकेगा कि यह आवाज किसकी है।

-सत्यप्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाईनगर

### भिलाई निगमः जैविक खाद का किचन गार्डन और फार्म हाउस में हो रहा इस्तेमाल, जागरूक कर रहे

भिलाई। नपानि भिलाई क्षेत्र में 9 एसएलआरएम सेंटर संचालित हो रहे है। सभी एसएलआरएम सेंटर में कार्य करने वाले स्वच्छता दीदीयों द्वारा पारंपरिक विधि से जैविक खाद बनाया जा रहा है। जो बहुत ही उपयोगी एवं गुणकारी है, कोई भी व्यक्ति उसको अपने किचन गार्डन, गमलों, खेतों एवं फार्म हाउस में उपयोग के लिए खरीद सकते है। यह खाद सस्ते दर पर उपलब्ध है, इसी खाद को मार्केट में जब हम खरीदते है। 15 से 20 रूपये मिलता है, 1 किलो का पैकेट 10 रूपये पर उपलब्ध है। थोक में लेने पर 25 किलो की बोरी 5 रूपये पर उपलब्ध है और अधिक लेने पर आवश्यकतानुसार और सस्ता कर दिया जाएगा।

### आरोपी की तस्वीर कैमरे में कैद

# सुप्रीम कोर्ट के वकील के घर की रेकी, पुलिस से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

चौहान ग्रीन वैली जुनवानी निवासी सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अमृता कामेश्वर श्रीवास्तव के घर पर कथित रूप से चोरी का असफल प्रयास हुआ। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी की तस्वीर कैद होने के बाद मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है। घटना दिनांक अधिवक्ता घर पर नहीं थीं। अधिवक्ता इन दिनों न्यायालयीन कार्य से दिल्ली में हैं। इस बीच उनके सूने मकान में आरोपी रेकी करते देखा गया है। आरोपी सूने मकान की खिड़की खोलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। दिल्ली में अपने मोबाइल पर सीसीटीवी एक्सेस कर अधिवक्ता ने फुटेज देखा। इसके पुलिस अधीक्षक को इसकी जानकारी दी। उन्होंने पुलिस को बताया कि युवक चोरी या रेकी करने आया था यह अधिकृत रूप से भले नहीं कहा जा सकता, लेकिन शहर में जिस तरह सूने मकानों को आरोपी निशाना बनाकर चोरी करते रहे हैं। उसके मद्देनजर आम नागरिक को भी जागरूक रहते हुए हर संदिग्ध मामलों की जानकारी दी जानी चाहिए। इसलिए वे जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने शिकायत में कहा कि फुटेज वास्तव में चिंताजनक हैं, क्योंकि फ्लैट ज्यादातर समय बंद रहता है। वो अपने परिवार के साथ दिल्ली में हैं। उन्होंने सुरक्षा उपायों के लिए अपने फ्लैट के बाहर गलियारे में सीसीटीवी लगाया है, क्योंकि कई सूनसान इमारतें शराबियों और नशेड़ियों का अड्डा भी बनती रही हैं। उन्होंने विधायक रिकेश सेन को भी वस्तु स्थित से अवगत कराया है।






### यातायात पुलिस ने संचालकों की ली बैठक

# मैरिज पैलेस के बाहर न हो ट्रैफिक जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शादी-व्याह का सीजन जोरों पर है। मैरिज पैलेस में होने वाली शादियों की वजह से लोगों को आने-जाने में दिक्कतें न हो। तभी मैरिज पैलेस को शादी-व्याह के लिए अनुमति दी जाएगी। पैलेस संचालक को इसका पूरा ध्यान रखना होगा। यातायात पुलिस ने भिलाई-दुर्ग के प्रमुख मैरिज पैलेस संचालकों की एक बैठक लेकर यह दिशानिर्देश दिए। आयोजन से पहले संबंधित थाने को इसकी सूचना भी देना जरूरी है।

#### क्षमता से ज्यादा वाहन न हो

उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतानंद विध्यराज के द्वारा दुर्ग- भिलाई के प्रमुख मैरेज पैलेस वालों की यातायात कार्यालय नेहरू नगर में बैठक ली। किसी आयोजन के दौरान होने वाले भीड़ एवं पार्किंग की समस्या को देखते हुए चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिसमें किसी अधिक भीड़ वाले आयोजन के पहले यातायात पुलिस एवं संबंधित थाना को सूचना अवश्य देवें। पार्किंग स्थल से लेकर मार्ग में पर्याप्त संख्या में सेफ्टी जैकेट एवं बैटन लाईट के साथ सिक्यूरिटी गार्ड अवश्य लगाये ,वाहनों की पार्किंग निश्चित पार्किंग स्थल पर ही कराये, छमता से अधिक वाहनो का परमिशन ना दें। बैठक में जलाराम वाटिका से मुकेश, आदित्य, आनंद मंलगल होटस पलास जैन, सोनू भाटिया, अभिनंदन पैलेस, अजय जैन, झरोखा पैलेस से प्रतीक खिचरिया, प्रदिप्ती



शर्मा,सुपेला इंडियन काफी हाउस से सीपी महानंद, होटल इम्पिरियल के प्रबंधक उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप



### परिवर्तित रूट से चलेगी बरौनी एक्सप्रेस कुछ पैसेंजर ट्रेनें रद्द

दुर्ग। रेलवे द्वारा बिलासपुर मंडल के तहत 24 से 30 नवंबर के बीच नरोजाबाद रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने और यार्ड के मोडिफिकेशन का काम करेगा। इस कारण रेलवे ने कुछ एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को कैंसिल किया है। बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस बदले मार्ग से चलेगी। दुर्ग-निजामुद्दीन एक्सप्रेस कैंसिल रहेगी। अन्य कैंसिल ट्रेनों में कुछ ट्रेनें दुर्ग से रायपुर और नागपुर होकर मध्यप्रदेश जाने वाली भी शामिल है। मध्य प्रदेश जाने लोकल यात्री दुर्गए रायपुर जंक्शन से ट्रेन पकड़ते है। दुर्ग.निजामुद्दीन एक्सप्रेस 26 और 29 को, निजामुद्दीन.दुर्ग एक्सप्रेस 27 एवं 30 को दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस 24 एवं 26 को, कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस 27 को, दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस 24 को, अजमेर-दुर्ग 25 को कैंसिल रहेगी। बरौनी से चलने वाली गाड़ी संख्या 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 29 नवंबर तक परिवर्तित मार्ग बरौनी, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया होकर चलेगी। 29 नवंबर तक गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, बरौनी होकर चलेगी। बरौनी एक्सप्रेस अप-डाउन दिशा में राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, शहडोल, अनूपपुर कटनी के बीच कैंसिल रहेगी।

### समीक्षा बैठक आज

दुर्ग। जिलास्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति एवं प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय नवीन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक 26 नवम्बर को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक के बाद आयोजित की गई है। बैठक में विभाग से संबंधित एजेण्डा बिन्दुओं पर समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को विभागीय जानकारी के साथ उक्त बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### विभागीय परीक्षा 25 जनवरी से 3 फरवरी तक

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन गृहदृसी विभाग द्वारा 25 जनवरी 2025 से 3 फरवरी 2025 तक विभागीय परीक्षा का आयोजन किया गया है। उक्त विभागीय परीक्षा में बैठने हेतु जिले के विभाग कार्यालय के इच्छुक अधिकारियों से प्रपत्र में आवेदन प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ 13 दिसंबर के पूर्व कार्यालय कलेक्टर दुर्ग में भेजने हेतु कहा गया है।

### दावा आपत्ति ली जाएगी 2 दिसम्बर तक

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-2 द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र गांधीनगर क्रमांक 03, भिलाई 03, वार्ड.15 में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। अंतरिम मूल्यांकन पत्रक में वरियता, प्राथमिकता के संबंध में किसी आवेदिका को दावा-आपत्ति हो तो 02 दिसम्बर तक कार्यालय में दावा आपत्ति कर सकते हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार अंतिम तिथि उपरांत प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी कर निर्धारित मापदण्ड के आधार पर अनुमोदित अंतरिम मूल्यांकन पत्रक कार्यालय परियोजना अधिकारी एवं नपानि भिलाई-चरोदा के कार्यालय परिसर में चस्पा कर दी गई है।

# घर की छत में सोलर लगाने 6720 अर्जियां, लगे सिर्फ 110

## पीएम सूर्यघर के लिए बैंक देगी सात फीसदी ब्याज पर कर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत घर की छतो में सोलर सिस्टम लगाने हजारो आवेदन आ रहे है। लेकिन डिमांड के अनुसार कंपनियां सोलर सिस्टम लगाने में पीछे चल रही हैं। हालात यह है कि, दुर्ग, बेमेतरा और बलौद जिले में अब तक 6720 अर्जियां आ चुके है, लेकिन सिस्टम सिर्फ 110 घरों में ही लगाए गए हैं।

इस योजना में लोगों को न सिर्फ केन्द्र सरकार सब्सिडी उपलब्ध करा रही है, बल्कि उन्हें सरकारी बैको के जरिए सात फीसदी ब्याज पर लोन भी दे रही हैं। जल्द ही लोन की प्रक्रिया निजी बैंको में भी शुरू होगी।

करीब तीस किलोवाट के लिए बैंक हितग्राहियों को ऋण देगा। यही नहीं केन्द्र की इस स्कीम में हितग्रहियों को एक किलोवाट पर तीस हजार, दो किलोवाटर पर साठ हजार और तीन किलोवाट पर 78 हजार तक सब्सिडी भी उपलब्ध कराएगी। पीएम सूर्यघर योजना का जिले में लांच होने के बाद अब तक दुर्ग, बेमेतरा और बालोद के करीब 110 लोगों ने लाभ लिया है। हांलाकि इस योजना को तेजी से प्रचार प्रसार करने की जरूरत हैं। लोगों में जानकारी का अभाव होने के कारण लोग सामने नही आ रहे हैं।

### आनलाइन आवेदन की दी गई प्रक्रिया

पीएम सूर्यघर योजना के तहत आनलाइन आवेदन किया जाना है। साइड में ही कंपनी के नाम दिए गए है। कंपनी चयन के बाद सिस्टम लगाने का कार्य किया जाएगा। साइड में जाने के बाद बीपी नंबर और हितग्राही की जानकारी देनी होती हैं। वही बाद में सब्सिडी हितग्राही के खाते में जारी की जाएगी।



### आखिर में बिजली कंपनी कर रही संचालन

योजना लांच होने के बाद इस बात को लेकर संशय था कि, पीएम सूर्यघर योजना का संचालक बिजली कंपनी या क्रेडा को दिया जाएगा। इसके लिए काफी खिंचतान के बाद बिजली कंपनी को ही संचालन की जिम्मेदारी दी गई हैं। हांलाकि इसमें सभी प्रक्रिया आनलाइन कर दी गई हैं।

## अव्यवस्था : दस दिन में ही डेढ़ दर्जन उपार्जन केन्द्रों में जाम के हालात

# उठाव की प्लानिंग फेल, 16 केन्द्रों में धान रखने की जगह तक नहीं

## मिलरों के एग्रीमेंट नहीं कराने से प्रशासन की बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

समर्थन मूल्य पर चल रहे धान खरीदी में शासन और प्रशासन की प्लानिंग फेल होने के कारण डेढ दर्जन उपार्जन केन्द्रो में धान जाम हो गया है। इन केन्द्रो में धान रखने तक की जगह नही है। समय पर उठाव नही होने के कारण सोसायटी प्रबंधको की धडकने तेज हो गई हैं, वही सूखत की समस्या भी प्रबंधको को सताने लगी हैं। इधर धान उठाव के लिए एक भी राईस मिलरों ने कस्टम मिलिंग के तहत पंजीयन नही कराया है।

आगामी दिनों धान खरीदी की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती हैं। जानकारी अनुसार जिले के अंडा, जामगांव आर, डीडीभांठा, डोडकी, नगपुरा, निकुम, निपानी जामगांव, फेकारी, बटरेल, बरहापुर, रहटादाह, रौंदा, सुरपा, सेलूद, सांतरा और सोतनपुर में डेढ लाख क्विंटल से अधिक धान जाम हो गए है। सोसायटी प्रबंधक लगातार मार्कफेड और जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों से उठाव कराने की मिन्नते कर रहे है। लेकिन उच्च अधिकारी उठाव को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। अगर शासन-प्रशासन का यही रवैय्या रहा तो इसका खामियाजा किसानों को भुगतान पडेगा।

**खास बातें**

- जिले के 102 केन्द्रों में हो रही धान खरीदी
- आगामी 31 जनवरी तक होनी है खरीदी
- जजिले के 16 केन्द्रों में बंफर लिमिट पार



### सिर्फ दस फीसदी ने ही बेचा धान

जिले में धान बेचने एक लाख 14755 किसानों ने पंजीयन कराया है। लेकिन विगत चौदह नवंबर से अब तक सिर्फ 11493 ने ही धान बेचा हैं। इन किसानों से अब तक पांच लाख 36650 क्विंटल की खरीदी की गई हैं। अब तक 12368.21 लाख रूपए की धान खरीदी गई है। जिसमें किसानों को 9665.46 लाख का आनलाइन भुगतान किया जा चुका हैं। वहीं 310 करोड में 40 करोड की कर्ज वसूली भी कर ली गई हैं।

### राज्य शासन से माड्यूल नहीं खुला

खाद्य नियंत्रक श्री अतरी ने बताया कि, मिलरो ने मिलिंग के लिए अभी पंजीयन नही कराया है। शासन स्तर से निर्देश मिलने के बाद माड्यूल वही से खोला जाएगा। बहरहाल जिले के 151 राईस मिलरों में किसी ने भी पंजीयन नही कराया है। राईस मिलर अपने बकाया कस्टम मिलिंग की राशि को लेकर अडे हुए हैं। खैर आज कैबीनेट की बैठक में उम्मीद है कि, इस संबंध में फैसला लिया जाएगा।

### प्रशासन की भौतिक सत्यापन में मिली गड़बड़ी

गिरदावरी रिपोर्ट के सामने आने के बाद कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा बोए गए फैसलों की रैन्डमली सर्वे कराया गया था। जिसमें पांच फीसदी से अधिक रकबे में अंतर पाया गया है। सूत्रों की माने तो कई जगह धान के बजाय अन्य फसल भी मिले है। अब इस रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन द्वारा रकबे में कटौती किए जाने की तैयारी हैं।

# डीएमसी के खिलाफ आर्थिक अनियमितता की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कोहका संकुल में भवन बनाए जाने के लिए जारी राशि का दुरूपयोग किए जाने की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की गई हैं।

- शासन से मिली लाखों रूपए की राशि, नहीं बनाया भवन

शासन द्वारा भवन बनाए जाने के लिए राशि भी जारी कर दी गई थी। लेकिन डीएमसी द्वारा कही पर भी भवन नही बनाए गया है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में कलेक्टर से जांच कर डीएमसी के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की हैं।

कोहका संकुल के लिए जारी भवन की राशि का डीएमसी द्वारा उपयोग नही किया गया। बल्कि इस राशि का दुरूपयोग कर आर्थिक अनियमितता की गई हैं। इस मामले में जिम्मेदारी स्थल परिवर्तन का हवाला दे रहे है। जबकि शासन स्तर से भवन को अन्य जगह बनाने कोई आदेश भी जारी नही किए हैं। राज्य पेंशन संघ के कोषाध्यक्ष रूद्र नारायण सिन्हा ने कलेक्टर से नुकसान की भरपाई दोषी अधिकारी से किए जाने की मांग की हैं।

### डिपरापारा स्कूल भी नियम विरूध्द तोडा

जानकारी अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला डिपरापारा जो संयुक्त संचालक शिक्षा के परिसर में लगता था। यह भवन को बने दस साल ही हुआ था। इसके बाद भी इसे उच्च अधिकारियों के बगैर आदेश के तोड दिया गया और सरकारी कार्यालय बना दिया गया। इसकी भी जनदर्शन में शिकायत की गई हैं। यहां समग्र शिक्षा द्वारा शासन के मोटी रकम को अनुचित रूप से खर्च किया गया हैं। यहां अध्यनरत बच्चों को नवीन कन्या शाला भेजा गया, कुछ समय बाद ये भी स्कूल बंद हो गए और कई बच्चे टीसी ले चुके हैं।

## खुले में मांस मटन बिक्री के खिलाफ खोला मोर्चा

दुर्ग। सामाजिक सेवा संगठन अजेय भारत ने विधि मान्य अवधि के बाद तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम मांस-मटन बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें ध्वनि विस्तारक यंत्रो के तेज आवाज और खुले में मांस मटन बिक्री से समाज के लोगों को होने वाली परेशानियों का जिक्र किया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देश अनुसार सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नही किए जाने की मांग की गई। इसके आलावा अवैध तरीके से खुलेआम मांस-मटन का विक्रय किया जा रहा है।इस दौरान राजीव चौबे, शिवेन्द्र सिंह परिहार, संजय डहवाल, दिली इंग्ले, कंचन शुक्ला, विश्व हिन्दू परिषद् के महेश यादव, प्रमोद वाघ, विशाल ताम्रकार, प्रकाश साहू, अधिवक्ता ऋषिकांत तिवारी, विजय चौधरी, संतोष यदु, धीरेन्द्र बघेल आदि शामिल थे।

# पेंशन के लिए दस साल से अर्जी लगा रहा बुजुर्ग, शिविर में 112 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर जनदर्शन में करीब 112 फरियादियो ने अपनी पीडा बताई हैं। एक बुजूर्ग ने ग्राम पंचायत में पिछले दस साल से आवेदन देने के बाद भी लाभ नही मिलने की शिकायत की हैं। वहीं ग्राम पंचायत बोड़ेगांव दुर्ग निवासी ने बोड़ेगांव में निर्मित नाली को चेम्बर से ढकने आवेदन दिया। राजीव गांधी नगर रायपुर नाका दुर्ग निवासी ने 6 वर्षीय पुत्री के इलाज हेतु आर्थिक सहायता राशि की मांग की। उन्होंने बताया कि पति-पत्नी मजदूरी का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण कर करते हैं। ग्राम रसमड़ा बुजुर्ग ने वृद्धा पेंशन दिलाने गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि विगत दस वर्षों से ग्राम के सरपंच को वृद्धा पेंशन दिलाने आवेदन किया गया है, परंतु सरपंच द्वारा वृद्धा पेंशन नही बन सकता, जवाब दिया जाता है। वार्ड क्रमांक 23 दीपक नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनीवासियों ने नाली की सफाई एवं जंगली पेड़ पौधो को कटवाने आवेदन दिया।



### नगपुरा में शराब दुकान खोलने की मांग

दुर्ग। माह के प्रत्येक सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन में आज प्रशासन को एक दिलचस्प आवेदन मिला। अभी तक शराब दुकानें बंद कराने या उसके खिलाफ में आवेदन मिलते रहे है, लेकिन आज ग्राम नगपुरा में शराब दुकान खोलने की मांग को लेकर मिले आवेदन ने स्वयं कलेक्टर को भी हैरान कर दिया। आवेदनकर्ता द्वारा ग्राम में शराब दुकान खोलने को लेकर अपनी मांगो में कई गंभीर तर्क भी दिए गए है। लिहाजा कलेक्टर द्वारा मांग पर आवेदनकर्ता को उचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया है। जनदर्शन में यह आवेदन ग्राम नगपुरा के पूर्व पंच बलराम कौशिक द्वारा दिया गया है। शराब दुकान ग्राम में खोलने को लेकर उनका तर्क था कि ग्राम नगपुरा से शराब दुकान 20 किमी. दूर है। जिसका फायदा शराब कोचिए उठा रहे है और ग्राम में अवैध शराब धड़ल्ले खपा रहे है। जिससे ग्राम का माहौल बिगड़ रहा है। अवैध शराब बिक्री से शासन को राजस्व की बड़ी क्षति हो रही है। जनदर्शन में श्री कौशिक के साथ ग्राम के नीलकंठ धनकर, हुजीत साहू, दिनेश पाण्डेय, दिलीप यादव के अलावा अन्य ग्रामीण भी पहुंचे थे।

### पुरूष नसबंदी पखवाड़ा 4 दिसम्बर तक

दुर्ग। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में नसबंदी पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहला चरण मोबिलाईजेशन एवं द्वितीय चरण सेवा वितरण के रूप में मनाया जा रहा है। इस बार पुरूष नसबंदी पखवाड़े को ''आज ही शुरूवात करे, पति-पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें'' की थीम पर मनाया जा रहा है।

पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का जिला स्तरीय उद्घाटन शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धमधा नाका में किया गया। समारोह के दौरान जिला नोडल अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव के द्वारा परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के विषय में जानकारी दी गई। बताया कि पुरूष नसबंदी के पश्चात हितग्राही के खाते में प्रोत्साहन राशि के रूप में 03 हजार रूपए एवं प्रेरक को 300 रूपए दिये जाते है। जिला दुर्ग में पखवाड़े के दौरान सभी केंद्र में पुरूष नसबंदी ऑपरेशन की सुविधा प्रदान की जायेगी।

# ट्रांसफार्मर में लगेगा नया पैनल, महापौर ने कमिश्नर के साथ किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा कमिश्नर सुमित अग्रवाल, जलकार्य प्रभारी संजय कोहले की मौजूदगी में 42 एमएलडी के निकट विद्युत सबस्टेशन बनाने भूमिपूजन किया।

- 28.5 लाख रुपए का आएगा खर्च

बता दे कि 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पूर्व से स्थापित ट्रांसफार्मर के पैनल जो इनडोर स्थापित हैं उनमें समय में समय में नमी आने के कारण आने वाली समस्याओं से मुक्त किए जाने हेतु पैनल को आउटडोर किया जाना है। किए जाने वाले कार्य से पैनल में होने वाली खराबी को नियंत्रित किया जावेगा। जिससे जलप्रदाय में होने वाली समस्या का निराकरण जल्दी किया सकेगा। 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में किया जाने वाला कार्य की कुल लागत 28.5 लाख रुपए हैं। कार्य को महापौर धीरज बाकलीवाल ने दिसंबर माह के अंत तक पूर्ण के निर्देश अधिकारियों को दिये। ट्रांसफार्मर के पैनल में नमी के कारण 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट से सप्लाई होने वाले जल प्रदाय होने वाले वार्डो में समस्या बनी रहती थी। ट्रांसफार्मर में नया पैनल लग जाने से बोरसी, पोटिया, पुलगांव, बघेरा, सिकोला और गंजपारा क्षेत्र में जलप्रदाय होने वाले समस्याओं का निराकरण त्वरित किया जा सकता है। यह कार्य पीएचई विभाग से हस्तांतरित पश्चात पहली बार किया जा रहा है। भूमिपूजन के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपअभियंता मोहित मरकाम, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर, अलताप अहमद, गौरव उमरे आदि मौजूद रहें।



# आज संविधान दिवस, मनरेगा अमृत सरोवर स्थल पर होंगे जिले में विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजंरग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में जिले के महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत निर्मित अमृत सरोवर स्थल पर 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन होगा। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ एवं मनरेगा कार्यक्रम अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आयोजन का उद्देश्य संविधान के प्रति नागरिकों को जागरूक करना और उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों का महत्व समझाना है। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान की उद्देशिका के सामूहिक पाठ से होगी। छात्रों के लिए निबंध लेखन, भाषण और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं के बारे में जानकारी भी दी जायेगी। जिले के प्रमुख अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण, मनरेगा जॉब कार्डधारी नागरिकों और छात्रों को संविधान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी को आमंत्रित किया गया है।

- उद्देश्य : नागरिकों को अधिकारों के प्रति जागरूक करना



## स्वच्छ भारत अभियान जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगोष्ठी में दिए

# सफाई में अच्छे कार्य वाले को सम्मानित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में सफाई व्यवस्था में जन-जन की भागीदारी बढ़ाने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, स्वच्छता ब्रान्ड अम्बेसडर बल्क वेस्ट जनरेटर, एन.डी.आर.एफ एवं सामाजिक कार्यकताओ की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। प्रमुखता के साथ नागरिकों के स्वच्छता के प्रति उनके दैनिक व्यवहार में कैसे परिवर्तन लाया जाए और आए हुए प्रबुद्वजनों द्वारा अपने विचार रखे गये।



### व्यवसाईयों के लिए मुनादी कराते रहें

संगोष्ठी के माध्यम से वक्ताओं ने कई सुझाव रखे। जिसमें प्रमुख सुझाव में स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग प्रदान करने हेतु नागरिकों को प्रेरित करना। इसके लिए व्यापक स्तर पर सोशल मीडिया का उपयोग करना। अच्छे कार्य करने वाला का सम्मान करना, व्यावसायिक क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के संबंध में जन जागरूकता हेतु मुनादी करना। जो व्यापारी नहीं मानते है उनसे अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही करना।

### परिवारों को एसएलआरएम सेंटर दिखाएं

वक्ताओं ने सुझाव दिए कि घर से मिक्स गीला एवं सूखा कचरा एक में देने वाले परिवारों को निगम के एस.एल.आर.एम. सेंटर में ले जाकर दिखाना। जिससे उन्हे ज्ञात हो सके कि गीला एवं सूखा कचरा एक में न देने से कितनी परेशानी होती है, छांटते समय। प्रत्येक स्कूल में विद्यार्थियो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना एवं प्रत्येक सप्ताह स्वच्छता संबंधी गतिविधियो से उनको जोड़ना। आम नागरिको में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने हेतु वार्ड के जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाना।

### इन्होंने रखे विचार

संगोष्ठी के दौरान विचार रखने वाले चिकित्सा से डॉ. राजीव पाल, साहित्य से डॉ. महेशचंद शर्मा, डॉ. विश्वनाथ पाणीग्रही, अमित इंटरनेशनल से सिद्वीकी, रूंगटा से सुभाष झा, छ.ग. एन.डी.आर.एफ पुलिस असिस्टेंट कमान्डेंट कन्हैया योगी, वंदेमातरम अपार्टमेंट से श्रीनिवास खेड़यि, कला जगत से श्रवण कुमार, जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा आदि मौजूद थे।

### ब्रान्ड अम्बेसडर की मदद

ब्रान्ड अम्बेसडर की मदद से स्वच्छता के प्रति आम नागरिकों के व्यवहार में परिवर्तन लाने हेतु जागरूता संबंधी विभिन्न गतिविधियां लाना। समस्त वार्डो में लोगो को प्रोत्साहित कर होम कम्पोस्टिंग का कार्य कराया जाना। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में लगे वाहनो में स्वच्छ भारत मिशन संबंधी जिंगल बजाकर लोगों में प्रचार-प्रसार करना आदि बिन्दुओं पर सुझाव दिया गया।

## खबर संक्षेप



### बोड़ेगांव स्कूल में नेवता भोजन का आयोजन

**ननकट्ठी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोड़ेगांव में सोमवार को नेवता भोज का आयोजन हुआ। पूर्व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गजेंद्र देवांगन के द्वारा स्कूल के बच्चों को अपनी पुत्री सुषमा देवांगन के जन्म दिवस के अवसर पर हलवा का नेवता भोजन करवाया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, प्रधान पाठिका नीतू बागड़े आदि उपस्थित थे।

### नपा अध्यक्ष नटवर रखेंगे अपने विचार



**नंदिनी अहिवारा।** 16 वां वित्त फाइनेंस कमिशन भारत सरकार द्वारा आयोजित नेशनल कान्फ्रेंस में भाग लेने दिल्ली रवाना हुए। जिनको नागरपालिका स्तर पर नया 16 फाइनेंस पर अपने बात रखने के लिये छत्तीसगढ़ शासन ने नगर पालिका अध्यक्ष नटवर ताम्रकार का नाम चायनित किया है। यहां कांफ्रेंस 5 साल में 1 बार होता हैं जिसमें आने वाले समय पर केन्द्र सरकार के द्वारा राज्य शासन को दी गई राशि का कैसे और की दिशा पर आवंटित हों जिसमें भारतवासी का जीवन स्तर में सुधार हो।

## निधन

### स्वतंत्र कुमार सोनी



**भिलाई।** क्वार्टर नं. 25/ए, सड़क एवी.सी , सेक्टर-1 भिलाई निवासी बीएसपी से सेवानिवृत्त शिक्षक स्वतंत्र कुमार सोनी उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 26 नवंबर को सुबह 11.30 बजे निज निवास से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे सचिन सोनी, अखिलेश सोनी व अंजू सोनी के पिता थे।

### शिबा अर्पण तरुण



**भिलाई।** क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6 के मुख्य फादर व भिलाई क्रिश्चियन कौंसिल के अध्यक्ष रेव्ह. अर्पण तरुण की पत्नी शिबा अर्पण तरुण (54 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे नेहरू नगर ग्रेवयार्ड में होगा। एबेनेज़र 22/65, सड़क 4, बंशी विहार, बोरसी दुर्ग स्थित निवास से दोपहर 2.30 बजे प्रार्थना के बाद अंतिम यात्रा निकलेगी। वे अर्णव क्षयर्ष तरुण एवं आर्जव जियोंन जुबिन की मां थीं।

### वच्छला बागड़े



**भिलाई।** वच्छला बागड़े पति स्व. गुलाब बागड़े उम्र 83 वर्ष का निधन 25 नवंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 नवम्बर को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान एमआईजी 2 एमपी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी काली बाड़ी के पास से केम्प वन मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संजय बागड़े अधीक्षण अभियंता, रायपुर नगर पालिक निगम, मनोज बागड़े, सविता मेश्राम एवं लता गजभिये की मां थीं।

### राम पदारथ शर्मा



**भिलाई।** कोहका कुरुद रोड निवासी राम पदारथ शर्मा उम्र 72 वर्ष का निधन 24 नवंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 नवंबर को दोपहर 1 बजे से रामनगर मुक्ति धाम में किया गया। वे गौ सेवक पवन शर्मा एवं संतोष शर्मा के पिता थे।


## सोसायटी दरवाजा जल्दी खुलने से नहीं होगी रोड बाधित

# सुरपा सोसायटी का दरवाजा खुलने के इंतजार में किसान ट्रैक्टर की लंबी लाइन से रोड जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

### सोसायटी में आगमन निर्गमन किसानों के हित में होगा





अन्नदाता किसान सबके के लिए अन्न पैदा कर सोसायटी में बेचने कपकपाती ठंड में अल सुबह सोसायटी के दरवाजे धान से भरे ट्रेक्टर लेकर दरवाजा खुलने के इंतजार में लग जाते हैं। सुबह उठकर किसान धान ट्रेक्टर में लोड कर सोसायटी में अपनी बारी का इंतजार करते हैं कि शाखा प्रबंधक आए और धान को जांचकर मापदंड में योग्य ठहरा दे। इसके बाद नाप तौल की बारी का इंतजार जारी होता है। तत्पश्चात किसान का मेहनत धान से धन राशि के रूप में तब्दील हो पाती है। इस तरह बड़ी मेहनत के पहले टोकन बोरा के लिए प्रक्रिया से किसान को गुजरना पड़ता है।

सोमवार को जामगांव आर बेलहारी धमतरी मुख्य सड़क के किनारे सुरपा सोसायटी केंद्र टेमरी का दरवाजा साढ़े 6 बजे तक नहीं खुलने के कारण टेमरी सुरपा डामरीकृत सड़क पर धान से भरे ट्रेक्टर की लंबी लाइन लगने से रोड जाम हो गए जिससे अन्य सामान्य यात्रियों की यात्रा बाधित होने लगी। किसानों का कहना है कि गांव के परिवेश में अल सुबह उठने की आदत किसानों की होती है और योजना होती है कि पहले सोसायटी पहुंचने पर धान बेचने का नंबर जल्दी आयेगा और जल्दी सोसायटी कार्य से निवृत्त हो जाएंगे। सोसायटी का दरवाजा जल्दी खुल जाए तो ट्रेक्टर सोसायटी प्रांगण परिसर में आसानी से खड़ी हो सकती क्योंकि सोसायटी प्रांगण बहुत बड़ा है और टोकन सिस्टम के कारण किसान भी तो लिमिट में ही आना है इसलिए भगदड़ नहीं होगी।

वहीं प्रतिदिन अल सुबह सायकल से 6 किमी रनिंग करने वाले 95 वर्षीय किसान रमेशर साहू कहते हैं कि गांव का जीवन सरल है भाईचारा से ओत प्रोत है सुबह का महत्व जो समझते है वे सूर्योदय से पहले उठते हैं, स्वास्थ्य का लाभ लेते हैं। उन्होंने कहा कि शरीर में स्फूर्ति सुबह अच्छी होती है किसान अपना काम फटाफट निपटाने सोसायटी पहुंच जाते है गांव परिवेश के अनुकूल सोसायटी का आगमन निर्गमन संचालन होना किसानों के हित में होगा। नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्ष नारद साहू ने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद किसानों की समस्या हल करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। किसान भाई अपनी समस्या की जानकारी अवश्य देवे।

### सुरपा सोसायटी अध्यक्ष नारद ने किया पदभार ग्रहण

**जामगांव आर।** सेवा सरकारी समिति धान खरीदी केंद्र सुरपा के प्राधिकृत अध्यक्ष नारद साहू सोमवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जनपद सदस्य रवि सिन्हा, बेणीराम साहू प्राधिकृत अध्यक्ष निपानी, कमलेश साहू प्राधिकृत अध्यक्ष बटरेल, रूपसिंह सिन्हा प्राधिकृत अध्यक्ष बेल्हारी, तुलसीराम साहू, जोगीराम साहू, सुरेश बंछोर, देवानंद देवांगन, विशेष रूप से उपस्थित थे। पदभार संभालने के बाद युवा मोर्चा अध्यक्ष नारद साहू ने किसानों से धान खरीदी केंद्र पर पंहुच कर किसानों से चर्चा किया किसी भी प्रकार की समस्या से अवगत कराने की बात कहीं गई। पदभार ग्रहण समारोह में संजू साहू, अभिषेक सेन मीडिया प्रभारी भाजयुमो दक्षिण पाटन, किशोर सेन, नरेन्द्र धरमगुड़ी, अंकालु साहू, दीनदयाल साहू, कैलाश साहू, जीवधन साहू, गोविंद साहू, टीकम सिंह साहू, चुन्नू साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। सुरपा सोसायटी के कर्मचारी पोषण निर्मलकर, अशोक देवांगन, तुषांत टंडन, पन्नालाल साहू, सह समिति प्रबंधक चंदूलाल टंडन ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र सोनी ने किया।



## छत्तीसगढ़ की संस्कृति व धार्मिक आस्था को सुदृढ़ बनाने में सहभागिता निभाएं: विधायक भूपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

पूर्व मुख्यमंत्री पाटन विस विधायक भूपेश बघेल ने ग्राम पंचायत अरमरी खुर्द, रिवागहन में लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा, सुरक्षा, सौहार्द्र, समरसता का वातावरण हमने बनाया। यहां की अनमोल धरोहर संस्कृति, सभ्यता परंपरा, धार्मिक आस्था को सुदृढ़ बनाने में सहभागिता निभाए क्योंकि वर्तमान परिस्थिति बिल्कुल विपरीत चल रही है। भाजपा राज में हालत देख रहे व्यवस्था छिन्न भिन्न हो गई है।

■ अरमरी खुर्द, रिवागहन में पूर्व सीएम बघेल ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

रिवागहन में सामुदायिक भवन 6.50 लाख, अरमरी खुर्द में सामुदायिक भवन 6.50 लाख का लोकार्पण, जिप निधि से साहू भवन रिवागहन में किचनसेड निर्माण कार्य 2 लाख, पेयजल हेतु टंकी पंप सहित 1 लाख, नाली निर्माण 2 लाख का भूमिपूजन अध्यक्षीय उद्बोधन में जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू ने भूपेश बघेल के मुख्यमंत्रित्व काल में हुए विकास को जनहितकारी बताया। स्वागत भाषण सरपंच देवकी साहू, अभिनंदन पत्र उपसरपंच प्रेमलाल साहू, आभार सचिव मनीष चतुर्वेदी ने किया। समारोह में आशीष वर्मा, अशोक साहू, राजेश ठाकुर, रूपेंद्र शुक्ला, भेष आठे, कपूर साहू, रूपेंद्र साहू, जगदीश साहू, रूपचंद गजपाल मंचासिन रहे। इस अवसर पर शिव साहू, खोरबाहरा साहू, कोमल साहू, चूरामन साहू, शैलेन्द्र बंछोर, अनिरुद्ध साहू, निर्मल यादव, लोमन साहू, ओमप्रकाश वारधे, चित्रसेन साहू, नरेंद्र साहू, लक्ष्मण यादव, लोकेश्वर, उमाशंकर साहू, नम्मू साहू, देव साहू, जयप्रकाश, रणजीत, विश्राम सिंह आदि उपस्थित थे।

### डंगनिया में 7 दिवसीय शिविर आयोजित

**अंडा।** ग्राम डंगनिया में माता कर्मा महाविद्यालय में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर का प्रभातफेरी से हुई। तत्पश्चात योग, परियोजना कार्य एवं बौद्धिक परिचर्चा सत्र में पद्मश्री शमशाद बेगम मेरा युवा भारत समाज के लिए युवा डॉ त्रिलोक टंडन एड्स के बारे में बारीकी से जानकारी दी। चन्द्रहास साहू, भास्कर साहू, केके सिन्हा सामाजिक विषयों द्वारा बच्चो को मार्ग दिया गया। रात्रि कालीन कवि सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केशव साहू की टीम के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई।




## बिजनेस साइट

### उच्च रक्तचाप से किडनी ने काम किया बंद, मस्तिष्क में रिसने लगा रक्त



**भिलाई।** उच्च रक्तचाप को नियंत्रण में रखना कितना जरूरी होता है, यह तब समझ में आता है जब बात बिगड़ जाती है। 40 वर्षीय सुषमा को ओडीशा के कालाहांडी से हाईटेक लाया गया था। जब मरीज हाइटेक के इमरजेंसी पहुंची तो वह बेहोश थी। जांच में पाया गया कि उसकी किडनी ने काम करना बंद कर दिया है। दिमाग में भी रक्त का थक्का है। हाईटेक की किडनी तथा डायलिसिस कन्सल्टेंट डॉ. सुमन राव ने बताया कि मरीज के रक्त में यूरिया और क्रेटिनिन काफी बढ़ी हुई थी। मरीज को तत्काल डायलिसिस पर डाला गया। महिला काफी समय से उच्च रक्तचाप से जूझ रही थी पर नियमित रूप से जांच नहीं कराने एवं दवा नहीं खाने के कारण स्थिति बिगड़ गई थी। मरीज के स्थिर होने के बाद उसे न्यूरोसर्जरी विभाग के सुपुर्द किया गया। न्यूरोसर्जन डॉ. दीपक बंसल ने बताया कि उच्च रक्तचाप के मरीजों में मस्तिष्क में रक्तस्राव हो सकता है। मरीज को सबड्यूरल हीमाटोमा था। इसलिए रक्तचाप को नियंत्रित करना बेहद जरूरी होता है। मरीज के स्थिर होने के बाद सर्जरी कर रक्त के थक्के को हटा दिया गया। कुछ ही दिनों में मरीज का यूरिन आउटपुट भी बेहतर हो गया। डॉ. सुमन ने बताया कि मरीज की किडनी की हालत ठीक नहीं है। उसे नियमित रूप से किडनी की जांच कराने की सलाह दी गई है। मरीज को 17 नवंबर को दाखिल किया गया था। पांच दिन बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

### पासपोर्ट संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए संपर्क करें: श्रीकांत जैन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मे पासपोर्ट के लिए नंबर वन, के नाम से पहचाने जाने वाले श्रीकांत जैन को अब - 'पासपोर्ट के डॉक्टर' के नाम से भी जाना पहचाना जाता है, आप नए पासपोर्ट और पासपोर्ट से संबंधित किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए श्रीकांत जैन से संपर्क कर सकते हैं। विशेष कारण हो तो तत्काल पासपोर्ट सिर्फ 4 से 10 दिनों पर और नार्मल पासपोर्ट 30 से 45 दिनों पर प्राप्त हो जाता है। भारत सरकार विदेश मंत्रालय द्वारा अधिकृत भूतपूर्व पासपोर्ट एजेंट प्रतिनिधि, श्रीकांत जैन ने बताया की हमारे पासपोर्ट के 10,000 से ज्यादा 99.99% संतुष्ट ग्राहक है। आप पासपोर्ट, एयर टिकट, पैकेज टूर्स आदि के काम और सुविधाओं के लिए, आप हमारे ऑफिस, स्ट्रीट - 20, स्मृति नगर, भिलाई पर संपर्क कर सकते हैं। हमारी संस्था पर एयर टिकट और थाईलैंड (बैंकाक पटाया), सिंगापुर, मलेसिया, मारीशस, दुबई आदि के पैकेज टूर्स विशेष उपहार के साथ उपलब्ध है साथ ही आप भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी से संबंधित सभी तरह के कार्य के लिए भी संपर्क कर सकते हैं।

## अंचल की खबरें

### फरमानिया ट्रस्ट ने बांटे बच्चों को स्वेटर



**उतई।** शहीद तरुण देशमुख शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खोपली के लगभग 220 बच्चों को सरस्वती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापक सुरेश फरमानिया के द्वारा 220 बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया। बच्चे स्वेटर पाकर बच्चों का चेहरा खिल गया । स्वेटर वितरण समारोह के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों के कार्यक्रम से खुश होकर मुख्य अतिथि सुरेश फरमानिया के द्वारा बच्चो को नगद पुरस्कार वितरण किया गया। अपने उदबोधन में सुरेश फरमानिया ने सभी बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए बगैर नकल किए अपने मेहनत से आगे बढ़ने की बात कहीं और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के मंत्र को सार्थक करने के लिए सभी को प्रेरित किया। वहीं प्राचार्य वीणा दुबे ने फरमानिया को साल श्रीफल व लक्की बैंबू देकर सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच मंजू वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक छबिलाल रघुवंशी, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक हरिश्चंद्र देवांगन, शिक्षक गिरीश साहू, दीपक साहू, मनीष साहू आदि उपस्थित थे।

### भवन निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**भिलाई।** वार्ड 34 में कई वर्ष से भवन का मांग किया जा रहा था जो 24 नवंबर को पूरा हुआ। वार्ड 34 के पार्षद एवं नगर निगम जोन 3 के जोन अध्यक्ष जलंधर सिंह एवं वार्ड 33 के पार्षद एन शैलजा राजू, कैंप मंडल उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज एवं कैंप मंडल कार्यालय प्रभारी बोलबम गुप्ता एवं मंजीत वर्मा इनके द्वारा 12 लाख की लागत से भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन का कार्य किया गया। इस कार्य के दौरान समिति के अध्यक्ष रामेश्वर नाकतोड़े एवं उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र साव एवं समीति के सभी कार्यकर्ता श्याम जायसवाल, नीलेश साहू, राकेश वर्मा, संतोष देवांगन, परदेशी, मनी, दीपक यादव, कोमल, धर्मेंद्र गुप्ता, पतिराम, मनोज, सोनू चौधरी, मन्दू, विनोद, मनोज, रीकु गुप्ता एवं वार्ड के सभी महिलाएं जिनमें इठुताई हिरेश्वरी, दानेश्वरी, सारीका, नमीता, सुभा परमीलर पीकी, पूनम, गूंजा बाई, बिजलावली देवी, अनारी देवी, चंदा देवी, लता यादव, संगीता साव, सुशीला सभी वार्डवासी उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने मनाया जन जातीय गौरव पखवाड़ा



**उतई।** केंद्रीय विद्यालय सीआईएसएफ भिलाई के विद्यार्थियों ने 21 नवंबर को 'जन जातीय गौरव पखवाड़ा' के अंतर्गत पुरखौती मुक्तांगन रायपुर भ्रमण किया। जिसमें पुरखौती मुक्तांगन, रायपुर, छत्तीसगढ़ में कक्षा आठवीं और नवमीं के 99 छात्र-छात्राओं व शिक्षक- शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में जनजातियों के बारे में विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। जनजाति गौरव पखवाड़ा कार्यक्रम हमारे विद्यार्थियों को आदिवासी संस्कृति के बारे में जानकारी प्रदान करने का एक अवसर है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को जनजातियों के बारे में जागरूक करना और उनके सम्मान में योगदान देना है।

इस भ्रमण में विद्यालय के अनिल कुमार शर्मा, शैलेश बेंजामिन, डॉ. पंकज शुक्ला, रोशनी चंद्राकर, रीना साहू के मार्गदर्शन में पुरखौती मुक्तांगन के परिसर में भारत में जनजातीय समुदायों की संस्कृति, परंपराओं को देखा और समझा।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### टाउनशिप में बिजली आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना के तहत मेंटेनेंस कार्य चल रहा है। इस कार्य के तहत टाउनशिप में 25 नवम्बर से 30 नवम्बर के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं:- 25 नवम्बर को इंदिरा प्लेस, मरोदा सेक्टर तथा सेक्टर-5 व 10, भिलाई निवास का कुछ हिस्सा, 26 नवम्बर को मरोदा व रिसाली सेक्टर, 27 नवम्बर 2 को सेक्टर 6 का एक तिहाई हिस्सा तथा सेक्टर-5 टेलीफोन एक्सचेंज इंदिरा प्लेस, 28 नवम्बर को सेक्टर 7 का आधा भाग, सेक्टर-8, 32 बंगला व बीएमडीसी, 29 नवम्बर को रिसाली तथा 30 नवम्बर को सेक्टर-2 व सेक्टर-6 का एक तिहाई क्षेत्र। उक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को सुबह 10 बजे से 1.30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर सेवाएँ विभाग के अंतर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने संबंधित क्षेत्र के निवासियों से सहयोग की अपील की है।

### हाउस लीज समिति की हुई बैठक

**भिलाई।** स्थाई बसाहट के लिए जारी आंदोलन हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की साप्ताहिक बैठक सेक्टर 2 में संपन्न हुई बैठक में पदाधिकारी ने बताया कि जन दर्शन के माध्यम से कलेक्टर से मिलकर पुनः 29 जुलाई के स्मरण पत्र सौंपकर जानकारी दी की पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर आज तक प्रबंधन ने कार्यवाही नहीं की । पीपी एक्ट के दुरुपयोग और पक्षपातपूर्ण कार्यवाही पूर्व कार्मिकों के खिलाफ निरंतर जारी है। समिति के संयोजक राजेंद्र परगनिहा के खिलाफ तोड़फोड़-बेदखली कार्यवाही पर उपस्थित सदस्यों ने विरोध किया । प्रवर्तन विभाग की मनमानियों पर शांतिपूर्ण आंदोलन को हर स्तर पर पहुंचने का संकल्प लिया। सभी ने कहा की मात्र प्रबंधन ने गैर जिम्मेदाराना तथा गैर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना ही प्रबंधन को तकलीफ देय लगता है । बैठक में पीआर वर्मा, राजेंद्र शर्मा, टीकम वर्मा, पीसी शर्मा, राघवेंद्र राव, देवदास, अनंत, आर.एन. तिवारी, रमेश पाल, चंद्रकला ताराम, चंद्रिका रावटे, गजानंद चौधरी, सुरेंद्र मोहंती, देवेंद्र सोनी आदि उपस्थित थे।

# मैत्रीबाग में नौनिहालों ने सीखा अनुशासन और कौशल का सबक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग और भारत स्काउट गाइड ज़िला संघ भिलाई के तत्वावधान में सोमवार को 39 वाँ कब-बुलबुल उत्सव मैत्री बाग के मोमबत्ती गार्डन में मनाया गया। समापन सामारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता थे। महाप्रबन्धक नवीन जैन भी विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों का स्कार्फ पहना कर अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने विभिन्न शालाओं द्वारा सज्जित बुलबल-ट्री का निरीक्षण किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उत्सव में सम्मिलित सभी शालाओं में से, इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर-6 विजेता रहा और इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर 1 उपविजेता रहा।

## कब-बुलबुल उत्सव, बिखेरी लोकरंगी छटा



### 280 स्कूली बच्चों ने लिया भाग

उत्सव का उद्घाटन मुख्य जिला आयुक्त शिखा दुबे ने किया था। जिला आयुक्त (गाइड) सुमिता सरकार ने कार्यक्रम का विस्तृत विवरण दिया । बीएसपी के सात अलग-अलग शालाओं के 280 कब-बुलबुल ने भाग लिया। शुरुआत ध्वजारोहण एवं झंडा गीत व ईश प्रार्थना से हुई। बच्चों ने मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। सामूहिक नृत्य में कब-बुलबुल द्वारा प्रकृति, पशु-पक्षियों, परियों की वेशभूषा एवं मुखौटे आदि का प्रयोग करते हुए संगीतमय नृत्य की प्रस्तुती दी गई। प्रस्तुतिकरण की स्पष्टता, गणवेश, समय, कौशल आदि के मानदंण्ड के अनुरूप उत्कृष्ट विजेताओं का चयन किया गया।

मुख्य अतिथि ने नन्हे कब-बुलबुल से बातचीत की और उन्हें पर्यावरण संरक्षण, प्रेम भाव, पशु-पक्षी का संरक्षण करते हुए भविष्य में एक अच्छे नागरिक बनने कर लिये प्रेरित किया। उन्होंने यहाँ से सीखी हुई कब-बुलबुल की सभी शिक्षा को जीवन में आत्मसात करने के लिये प्रेरित किया।

महाप्रबंधक शिखा दुबे ने कब-बुलबुल का परिचय तथा बीएसपी शिक्षा विभाग की शालाओं में इससे सम्बंधित कार्यों का विवरण दिया। नन्हे कब-बुलबुल द्वारा मोहक समूह नृत्य व विविध वेशभूषा जैसी रंगारंग प्रस्तुति दी गई।ध्वजावतरण के साथ सामारोह का समापन किया गया। समापन समारोह का संचालन कनिष्ठ प्रबंधक मनीष तिवारी व शिक्षक शीतल चंद्र शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या रूबी बर्मन राय ने किया।

## सुपेला, रिसाली और चरौदा-भिलाई तीन मंडलों का विभाजन

# सत्ता की प्राणवायु से जिला भाजपा भिलाई की सेहत हुई और तंदुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

जिला भाजपा भिलाई ने सत्ता की प्राणवायु से संगठन की सेहत को और तंदुरुस्त करना शुरु कर दिया। काम की सुविधा की दृष्टि और विधानसभा क्षेत्रों के आगे होने वाले परिसीमन को देखते हुए जिला संगठन की मजबूती के लिए मंडलों की संख्या बढ़ा दी गई है। तीन की जगह पांच मंडल बनाए गए हैं। सुपेला भाजपा मंडल, भिलाई तीन चरौदा मंडल और रिसाली मंडल को विभाजित किया गया है। अब दस मंडलों की जगह तेरह मंडल हो गए हैं। इससे जिला संगठन के काम में सुविधा के साथ अधिक कार्यकर्ताओं को पदाधिकार के रुप में अवसर दिया जा सकेगा। जल्द ही नए मंडलों में पदाधिकारियों के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरु होगी।

पंद्रह साल तक सत्ता में रहने के बाद पांच साल का निर्वासन झेलने के उपरांत फिर सत्तासीन हुई भाजपा का हौसला बढ़ा हुआ है। कांग्रेस को आगे मात देने के लिए जिला भाजपा भिलाई ने संगठन को और अधिक मजबूत करने की कवायद तेज कर दी गई है। जिला भाजपा भिलाई ने संगठन का विस्तार कर पूर्व के दस भाजपा मंडलों की जगह तीन और नए मंडलों का गठन किया है। इसके साथ ही कुल तेरह मंडल हो गए हैं। सुपेला मंडल, रिसाली मंडल और भिलाई तीन - चरौदा मंडल को विभाजित कर तीन नए मंडल बनाए गए हैं। रिसाली मंडल को विभाजित कर नया मड़ौदा- पुरैना मंडल का गठन किया गया है । सुपेला मंडल को विभाजित कर एक और नया कोहका मंडल का गठन किया गया है। इसके अलावा चरौदा- भिलाई -3 मंडल को बांटकर भिलाई तीन मंडल नया मंडल बनया गया है। यानी अब यह चरौदा, मंडल, भिलाई तीन मंडल, सुपेला मंडल, कोहका मंडल और रिसाली मंडल व मड़ौदा -पुरैना मंडल के नाम से जाने जाएंगे। तीन नए मंडलों के गठन के सात ही जिला में पूर्व मंडल, पश्चिम मंडल, खुर्सीपार मंडल, कैंप मंडल वैशालीनगर मंडल, जामुल मंडल व कुम्हारी कुल तेरह मंडल हो गए हैं।

### तीन और नए भाजपा मंडलों का हुआ गठन




### काम में सुविधा व कार्यकर्ताओं को अवसर

जिला भाजपा के मंडलों के रुप में विस्तार के पीछे संगठन की चौतरफा लाभ की रणनीति है। भौगोलिक दृष्टि से पहले कोहका चरौदा आदि मंडल बड़े थे, जिन्हें नए मंडल के रुप मेंविभाजि कर दिए जाने से काम की दृष्टि से सुविधा होगी। वहीं आगे जिला के विधानसक्षा क्षेत्रों में परिसीमन होना, जिसे देखते हुए भी भाजपा को सांगठनिक मजबूती से चुनावी लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा नए मंडलों के बनने से कर्मठ कार्यकर्ताओ को पदाधिकारियों के रुप में एडजस्ट किया जा सकेगा। इसने उनमें उत्साह बढ़ेगा। जिला भाजपाध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया कि काम की दृष्टि से मंडलों को छोटा किया गया है। जल्द ही प्रदेश संगठन से चर्चा कर नए मंडलों में नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव होगा। तीन नए मंडलों में मोर्चा व प्रकोष्ठ मिलाकर करीब 6 सौ नए पदाधिकारी चुने जाने जाएंगे। इससे उन्हें जिम्मेदारी संभालने का अवसर मिलेगा । इसके पूर्व दस मंडलों में प्रकोष्ठ मोर्चा मिलाकर करीब दो हजार पदाधिकारी हैं। कुल सदस्य 1 लाख 75 हजार है। प्रत्येग मंडल में दौ सौ पदाधिकारी होते हैं। इनमें 1 अध्यक्ष, 4 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 4 मंत्री व एक मीडिया प्रभारी हैं होते हैं। इनके अलावा 25 लोगों के कार्यकारिणी होती है।



# पीपीसी विभाग में संचार मंच का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के उत्पादन आयोजन एवं नियंत्रण विभाग (पीपीसी विभाग) द्वारा संयंत्र भवन में मुख्य महाप्रबंधक तुषार कांत की अध्यक्षता में संचार मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयंत्र के उत्पाद की लागत एवं लागत नियंत्रण की जानकारी, गत माह के उत्पादन निष्पादन कार्यालयीन कामों में हिंदी के उपयोग को बढाने आदि विषयों पर केंद्रित था। अतिथि वक्ता महाप्रबंधक नीना राठौर ने बीएसपी उत्पाद की लागत एवं लागत नियंत्रण पर कार्मिकों को जानकारी दी। लागत प्रबंधन की अवधारणा, उद्देश्य एवं लाभ के विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अधिकांश उद्यम अपने लाभ, उत्पाद के लागत में कमी करके बढ़ा सकते है। तुषार कांत ने कहा कि किसी कंपनी का ईबिट्टाउस कंपनी के मुनाफे की क्षमता को प्रदर्शित करता है, हम इससे उस कंपनी के स्तर का मूल्यांकन कर सकते है। केएस संतोष एवं श्री मोहम्मद नईम ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर महत्वपूर्ण जानकारी, गत माह में संयंत्र के मुख्य उत्पादन इकाइयों के उत्पादन निष्पादन एवं हाईलाइट्स तथा वर्तमान माह नवम्बर में संयंत्र के उत्पादन योजना की जानकारी दी।

■ लागत में कमी से होगा लाभ

### प्रतियोगिता के विजेता हुए परस्कृत

संचार मंच में आयोजित प्रतियोगिता "वैकल्पिक प्रश्नोत्तरी" के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार अनिल कुमार नायर, द्वितीय अब्राहम कुरियन व तृतीय पुरस्कार शिव शंकर यादव ने प्राप्त किया। मोहम्मद नईम और शंकर लाल देवांगन द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हिंदी प्रतियोगिता "मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ बनाओ" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक जीव्ही राव जे आर मोहंती व्हीएम कृष्णा और संजय दवे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया । संचालन सहायक महाप्रबंधक तुकाराम साहू ने किया।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** ओए-बीएसपी द्वारा नवम्बर माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा नवम्बर माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान समारोह मंगलवार को शाम 7 बजे प्रगति भवन, सिविक सेंटर में आयोजित किया जायेगा। महासचिव परविंदर सिंह ने बताया कि 131 अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं । 10 सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों जिनमें1 जीएम इंचार्ज,5 जी एम, 1 डीजीएम तथा 3 एजीएम शामिल है। रिटायर अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट इनवेस्टमेंट प्लानिंग प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा।

वहीं जैकब कुरीयन, जीएम (सीओसीसीडी), हरीश कुमार साहू जीएम (प्रोजेक्ट), आशा रानी पाठक, जीएम इंचार्ज (पर्चेस), बिरजू पासवान, जीएम (सीओसीसीडी), अजय कुशवाहा, डीजीएम (ओएचपी), दीपक कुमार नायक, एजीएम (प्रोजेक्ट), अमित कुमार श्रीवास्तव, जीएम (कांट्रेक्ट सेल), श्री राजीव वर्मा, जीएम (एसएमएस-3), उमेश बांधे, डीजीएम (दल्ली), पलक कांती बरूआ, एजीएम (एमडब्ल्यूआरएम), शमरेस कुमार मिश्रा, एजीएम (एफएंडपीएस) और टीडी प्रदीप, एजीएम (एसएमएस-3) का सम्मान किया जाएगा।

# कार्मिकों की पत्नियों को दिए घरेलू सुरक्षा के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई



■ विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित नागरिक सुरक्षा संगठन छत्तीसगढ़ (भारत सरकार-गृह मंत्रालय से संबद्ध) द्वारा मर्चेंट एवं वॉयर रॉड मिल के कर्मचारियों की पत्नियों/गृहिणियों के लिए विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला ''हम भी है तैयार'' का आयोजन एलएंडडी विभाग के सभागार में किया गया। 28 महिलाओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एमके गोयल ने कहा कि महिलाएँ भी नागरिक सुरक्षा के कार्य को बखूबी कर सकती है और जन जागरूकता व क्षमता विकास के लिए चलाए जा रहे इस कार्यशाला में आप भाग लेकर विपरीत परिस्थिति से निपटने, आपदा में कम से कम हताहत होने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करें। नागरिक सुरक्षा संगठन के माध्यम से यही हमारा प्रयास है। इस दौरान घर में कोई आपदा या विपरीत आकस्मिक परिस्थिति होने पर स्वयं व परिवार को सुरक्षित रखना व शीघ्र निर्णय लेने में सक्षम बनाना, 112 की सेवाएं बुलाना एवं अपना मनोबल बनाये रखना आदि विषयों में उन्हें जानकारी प्रदान की गई। अनुभाग अधिकारी स्वतंत्र कुमार ने नागरिक सुरक्षा के इतिहास, उद्देश्य, भूमिका, आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और मास्टर तकनीशियन सुरेन्द्र नंदेश्वर ने बचाव सेवा पर प्रस्तुति देते हुए नर्सिंग आफिसर दिनेश एस ग्वाल ने प्रथमोपचार विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

### रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल बनाने से औद्योगिक संगठनों को मिलेगी राहत

**भिलाई।** एमएसएमई जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष केके झा ने रजिस्ट्री करने के लिए विभागीय नियमों और प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा दो नई सुविधाओं की शुरुआत करने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इन नई सुविधाओं से औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों के साथ-साथ जरूरतमंदों, बुजुर्गों, महिलाओं, निःशक्त एवं अन्य वर्ग के लोगों को काफी राहत मिलेगी। रजिस्ट्री विभाग में होने वाली भीड़ एवं लेटलतिफी से वे बच सकेंगे।



■ शासन की पहल का झा ने किया स्वागत

रजिस्ट्री विभाग की इन सुविधाओं के तहत 25 हजार अतिरिक्त शुल्क देने पर रजिस्ट्री के लिए कार्यालय आने की जरूरत नहीं है, घर बैठे रजिस्ट्री हो जाएगी। इसी तरह 15 हजार अतिरिक्त देने पर अपॉइंटमेंट की जरूरत नहीं पड़ेगी, सीधे कार्यालय जाकर रजिस्ट्री करवा सकते हैं। श्री झा ने जारी मेल में कहा कि रजिस्ट्री करने की प्रक्रिया काफी जटिल है। रोजाना सैकड़ों लोग रजिस्ट्री के लिए पहुंचते हैं, जिसके कारण काफी भीड़ होती है। ऐसे में औद्योगिक एवं व्यापारी संगठनों द्वारा लंबे समय से रजिस्ट्री प्रक्रिया में कुछ राहत की मांग की जा रही थी। सीएम विष्णु देव साय और वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने इस जटिल प्रक्रिया से राहत देने के लिए इन दो नई सुविधाओं की घोषणा की। श्री झा ने कहा कि इन दो सुविधाओं के साथ शासन ने अपनी मंशा जाहिर कर दी है कि लोगों को दी जाने वाली सुविधाओं की प्रक्रिया को और सरल किया जाएगा। इससे लोगों को राहत मिलेगी और आय का स्त्रोत भी बढ़ेगा।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के ठेका मजदूरों को खतरे से किया सचेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

बार एवं राड मिल में सुरक्षा घर से घर तक कार्यक्रमफोटो 25 बीएसपी-4 व 5भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल द्वारा एक अनूठी एवं अभिनव, सुरक्षा पहल "घर से घर तक कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में 23 नवंबर, 2024 को बार एवं राड मिल के ठेका श्रमिकों के परिवार को जागरुक करने के लिए घर से घर तक" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुरक्षा पर संवाद के लिए 125 ठेका श्रमिक परिवार के सदस्यों के साथ मानव संसाधन विकास केंद्र में उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य ठेका श्रमिकों को कार्यस्थल पर जोखिमों और खतरों के प्रति संवेदनशील बनाना है।

महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य बी.आर.एम में दिन-प्रतिदिन के काम में सुरक्षा के महत्व पर जोर देना और परिवारों को सुरक्षा उत्कृष्टता की यात्रा में शामिल करना है। उन्होंने इस्पातकर्मी के जीवन को सुरक्षित, निश्चिंत एवं सहज बनाने मे उनके जीवनसाथी की प्रेरणादायी एवं सहभागिता की भूमिका को रेखांकित किया। महाप्रबंधक सच्चिदानंद त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत मोहंती और वरिष्ठ प्रबंधक अजय कुमार ने भी सत्र को संबोधित किया। ठेका श्रमिकों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने भी स्पष्टता से अपनी बात रखी। योगेश शास्त्री ने उन्हें सुरक्षित रूप से कार्य संचालन के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### प्रश्नोत्तरी व पुरस्कारों से बढ़ाया हौसला

जूली और कविता द्वारा फोटोग्राफ में चित्रित असुरक्षित स्थितियों और कृत्यों की पहचान पर सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। विभागीय सुरक्षा अधिकारी शकील अहमद ने कार्यस्थल पर जोखिमों की जानकारी दी और सुरक्षा नियमों के उल्लंघनों के प्रति सचेत किया। दिनेश्वरी, सुखवंती, झामिन, तोमेश्वरी, प्रीति, जिग्नेश, ममता, विद्या ,पल्लवी आदि को सुरक्षा प्रश्नोत्तरी में भाग लेने के लिए आकर्षक पुरस्कार दिए गए। वरिष्ठ प्रबंधक सुनील कुमार सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया ।

## टीसीएस रूलर आईटी क्विज में दिखाया दमखम

# बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 नेशनल फाइनल में विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से नेशनल रूरल आईटी क्विज का आयोजन 2 बैंगलुरु में किया गया, जिसमें देश के 10 राज्यों के क्षेत्रीय फाइनलिस्ट विजेता विद्यार्थियों ने भाग लिया था। आईटी क्विज में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए, भिलाई के बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर – 10 ने प्रतियोगिता में विजेता का ख़िताब हासिल कर 1 लाख रूपए की शिक्षा स्कॉलरशिप राशी जीता और शहर का नाम रौशन किया।

14 वर्षीय छात्र तनिष कुमार साहू को बेंगलुरु टेक समिट के दौरान आयोजित 25वें टीसीएस ग्रामीण आईटी क्विज के राष्ट्रीय चैंपियन बनकर उभरे हैं।कंप्यूटर साइंस के व्याख्याता श्री आशीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 9 वी के छात्र तनिष कुमार साहू विजेता बने। बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर – 10 की प्रधानाचार्य सुमिता सरकार ने बताया, कि विद्यालय इस प्रतियोगिता में गत वर्ष भी विजेता बना था एवं इससे पूर्व भी एक बार विजेता एवं एक बार उपविजेता रहा चुका है। टीसीएस ने विजेता और उपविजेता छात्रों को क्रमशः 1,00,000 रुपये और 50,000 रुपये की शिक्षा छात्रवृत्ति से सम्मानित किया। तनिष ने टीसीएस से 1,00,000 रुपये की शैक्षिक छात्रवृत्ति हासिल कर खिताब हासिल किया।




### पांच लाख से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी

कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारत के कई शहरों से 5.6 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया था। नेशनल फाइनल में पांच आकर्षक खंडों के माध्यम से छात्रों के तकनीकी ज्ञान का मूल्यांकन किया गया। दस क्षेत्रीय फाइनलिस्ट ने नेशनल फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त की।प्रतियोगिता के विजेताओं को कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री एमसी सुधाकर और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री एनएस बोसराजू और टीसीएस बेंगलुरु के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील देशपांडे सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 26 नवंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129

02



विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक सोच, मिला सम्मान

## लाइव इवेंट

### बच्चों के साथ अभिभावक भी बनाएं मोबाइल से दूरीः जैन



**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में पैरेंटिंग मीटिंग न्यू सचदेवा पीटी कॉलेज के डायरेक्टर और काउंसलर चिरंजीव जैन पहुंचे। बैठक में कक्षा 6 वीं से 12वीं के विद्यार्थी और उनके अभिभावक शामिल हुए। शिक्षाविद एस वर्मा के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत सरस्वती शिक्षा समिति के सचिव अरविंद सुराना ने किया। चिरंजीव जैन ने अभिभावकों और विद्यार्थियों से चर्चा के माध्यम से बात की। उन्होंने जिज्ञासा, सुझाव व समस्याओं का निराकरण किया। उन्होंने कहा कि फिजिकल, मेंटल व इमोशनल रूप से अपने आप में सुधार की आवश्यकता है। अध्ययन के लिए हिन्दी माध्यम उच्च शिक्षा में बाधक नहीं है। लाखों लोग जो उच्च पद पर कार्यरत हैं, उनकी शिक्षा का माध्यम हिन्दी ही था। अभिभावकों से आग्रह किए कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के लिए स्वयं भी मोबाइल से दूरी बनाएं। अपने बच्चों को अन्य बच्चों से कम्पेरिसन करना छोड़ दें। अभिभावक हिमांशु शर्मा ने बच्चों से जुड़े प्रश्न किए। चिरंजीव जैन ने कहा कि आप अभिभावक होने के नाते बच्चों के व्यवहार व अभिरूचि को पहचानकर उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। मंच संचालन पूर्णिमा भौमिक ने किया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव अरविंद सुराना, कोषाध्यक्ष पूनमचंद जैन, वरिष्ठ सदस्य शैलेन्द्र सिंह डोटे, दीपक सोनी, प्राचार्य कृपा शर्मा, प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

- पैरेंटिंग मीटिंग में अभिभावकों के साथ काउंसलर चिरंजीव जैन का संवाद

## सिटी इवेंट

### सहकारिता का उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों का विकास करना



**भिलाई।** सहकार भारती भिलाई दुर्ग महानगर द्वारा सहकार भारती छत्तीसगढ़ के निर्देश पर सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया गया। सेक्टर 1 स्थित जया सहकारी साख समिति मर्यादित के कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी कांत द्विवेदी, महामंत्री करुणा निधि यादव, प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. चंद्रमणि साहू, प्रदेश मंत्री राजेश द्विवेदी, जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा, महामंत्री राकेश शुक्ला, जिला संयोजक महिला प्रकोष्ठ सहकारिता एवं स्वयं सहायता समूह प्रकोष्ठ जया रेड्डी प्रमुख रूप से मौजूद थे। संस्थापक लक्ष्मण राव ईनामदार के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्म की शुरुआत की गई। सहकार गीत ममता राव, चंद्र किरण मिश्रा, लक्ष्मी ने प्रस्तुत किया। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि यह वर्ष 2025 अंतर राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप मनाया जा रहा है, जिसमें सहकारिता को प्रदेश में सहित पूरे देश भर में समाज के अंतिम व्यक्ति तक और देश के गरीब ,कमजोर, वंचित , असंगठित , शोषित और विशेष कर आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आर्थिक मदद और विकास के लिए समर्पित होकर उनके उत्थान हेतु कार्य करना है। बिना संस्कार नहीं सहकार और बिना सहकार नहीं उद्धार, सहकार भारती इसी भाव को लेकर कार्य करने जा रही है। पूरे प्रदेश में सहकारिता को समाज के हर वर्ग में शामिल करने के लिए कार्यशाला, अभ्यास वर्ग और लघु कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 30 नवंबर तक अंतर राष्ट्रीय सहकारिता समारोह वर्ष 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश, विदेश सहित 103 देशों के प्रतिनिधि शामिल होने जा रहे हैं। करुणा निधि ने कहा कि सहकारिता और कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इसके माध्यम से ही देश का आर्थिक विकास संभव है। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने अपने विचार रखे। संचालन राकेश शुक्ला ने किया। सहकारी सप्ताह में मुख्य रूप से किरण रात्रे, रमेश शर्मा, सुधाकर रेड्डी, तुकाराम कन्नौज, ममता राव, चंद्र किरण मिश्रा मीनाक्षी, जुली गुप्ता, किरण, रोहिणी, रुचि जैन, किरण रात सहित अन्य मौजूद थे।

- सहकार भारती का सहकारिता सप्ताह आयोजित

### सेंट थॉमस ने फाइनल मुकाबले में कल्याण कॉलेज को हराया



**भिलाई।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा ने तीन विकेट से जीत लिया। कल्याण कॉलेज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 142 रन बनाए।इसमें दिग्विजय पटेल ने 54 रनों की पारी खेली। जवाब में बैटिंग करने उतरी सेंट थॉमस की टीम ने सात विकेट पर जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य पा लिया। टीम ने 145 रन बनाए। मैच के अंपायर राणा प्रताप सिंह एवं कौशल वर्मा थे। थर्ड अंपायर अशोक रिगरी, स्कोरर विनोद देवघरे थे। ट्रॉफी वितरण कार्यक्रम में साइंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसएन झा, कल्याण कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा, पूर्व प्राचार्य आरपी अग्रवाल, डॉ. एके दत्ता, प्रमोद शंकर शर्मा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट राजेश चौहान सहित अन्य मौजूद थे।

● स्टूडेंट्स ने जाना अंतर्राष्ट्रीय प्रेस, विधानसभा, लोकसभा, संयुक्त राष्ट्र महासभा के बारे में

# छात्रों में नेतृत्व क्षमता, सहयोग और कूटनीतिक कौशल विकसित करने यूथ सम्मेलन उपयोगीः रूंगटा

**शहर में एक बड़ा दो दिवसीय यूथ सम्मेलन आयोजित हुआ। अंतर्राष्ट्रीय प्रेस, छत्तीसगढ़ विधानसभा, लोकसभा, संयुक्त राष्ट्र महिला, संयुक्त राष्ट्र महासभा, ऑल इंडिया एजुकेशन स्टूडियो, अखिल भारतीय हितधारक विषयों पर छात्र- छात्राओं को सीखन-सिखाने के उद्देश्य से यह सम्मेलन रुंगटा पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। अपने तरह के इस यूनिक कार्यक्रम में बीके ग्रुप के प्रबंधक निदेशक विजय गुप्ता, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान, एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रुंगटा, एमजीएम स्कूल के प्राचार्य टी. एंटो जैकब, एमयूएन विशेषज्ञ अभिषेक मिश्रा, निदेशक साकेत रूंगटा, जवाहर सुरी सेठी प्रमुख रूप से शामिल हुए।**

**भिलाई।** संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में मॉडल यूनाइटेड नेशंस यूथ सम्मेलन आयोजित हुआ। फनोलॉजी-लर्निंग मेड फन के सहयोग से यह कार्यक्रम हुआ। इस शैक्षिक सम्मेलन में भिलाई, दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के 26 स्कूलों और संस्थानों के 457 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। प्राचार्य राजीव कुमार, उप प्रचार्या अनंदिता रॉय चौधरी ने इस आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संचालक प्रथम प्रवीण डावर ने यूथ सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कक्षा में भी हम विद्यार्थियों को लोकसभा, राज्यसभा और अनेक वैश्विक मुद्दों के बारे में बताते हैं परंतु यह छात्रों की पूर्ण रूप से समझ नहीं आता, परंतु जब विशेष सम्मेलन का आयोजन कर मुद्दों समझने का प्रयास किया जाता है तथा बच्चों को उसमें शामिल किया जाता है तो वह इन मुद्दों को पूर्ण रूप से समझते हैं। सम्मेलन में 7 प्रमुख विषयों पर स्टूडेंट्स को जानकारी प्रदान की गई। 7 समितियों के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधियों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और ट्राफियां देकर सम्मानित किया गया। विजय गुप्ता ने कहा कि छात्र-छात्राओं को रूंगटा यूथ सम्मेलन द्वारा लोकसभा और वैश्विक मुद्दों की जानकारी दी जा रही है, वह प्रशंसनी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मेलन के द्वारा इंडस्ट्रीज के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए। मुख्य अतिथि रिकेश सेन ने कहा कि जब मैं चुनाव के लिए घर -घर जाकर वोट की अपील करता था, तो मेरा चेहरा देखकर वोट देने को तो तैयार हो जाते थे, परंतु मेरे द्वारा पूछे जाने पर कि आपको पता है कि मैं किस पद के लिए चुनाव लड़ रहा हूं, तो अधिकतर लोगों को पता नहीं था। आज रूंगटा ग्रुप ने इसे लेकर हमारी युवा पीढ़ी को जागरुक करने का प्रयास किया है। यह कार्य प्रशंसनीय है।





### पहले नहीं होते थे ऐसे आयोजन, इसलिए नहीं होती थी देश-दुनिया की खबर

पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान ने कहा कि इस तरह की सम्मेलन हमारे समय में नहीं होते थे, इसलिए हमें लोकसभा, विधानसभा तथा वैश्विक मुद्दों की कोई जानकारी नहीं थी, परंतु आज की युवा पीढ़ी को ऐसे आयोजनों के माध्यम से अलग-अलग जानकारियां मिल पा रही हैं। संजय रूंगटा ने कहा कि ऐसे सम्मेलन नई पीढ़ी को वैश्विक मुद्दों को समझने और उनके समाधान के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्रों की गहन शोध, आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति और अनुशासन की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक और रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से छात्रों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### दो दिवसीय आयोजन में जाना विधानसभा, लोकसभा की कार्रवाई को



विद्यार्थियों ने इस दो दिवसीय आयोजन में विधानसभा, लोकसभा की कार्रवाई को जाना। देश-दुनिया के करंट अफेयर से अवगत हुए। कई राष्ट्रीय एजेंसियों की कार्यप्रणाली को समझा। अंतिम दिन विद्यालय के प्राचार्य ने उपस्थित सभी मुख्य अतिथि, संचालक प्रथम और उनकी टीम, शिक्षकों एवं उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा यह दो दिवसीय सम्मेलन में छात्रों ने बहुत कुछ सीखा। मुख्य अतिथियों को श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। छात्रों को इस तरह के सम्मेलन में आगे भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## 1200 से लोगों ने देखी द साबरमती रिपोर्ट



**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा के 1200 से ज्यादा लोगों ने सोमवार को फ्री में द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। विधायक रिकेश सेन की अपील पर यह फिल्म देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बता दें कि विधायक रिकेश सेन ने वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी रहवासियों के लिए फ्री में फिल्म दिखाने के लिए टिकट की व्यवस्था की है। उनके द्वारा वैशालीनगर स्थित कार्यालय से टिकट भी उपलब्ध कराई जा रही है। सोमवार को इसकी शुरुआत की गई। विधायक स्वयं भी फिल्म देखने पहुंचे। रिकेश ने अपने विधानसभा क्षेत्र में 35 हजार से अधिक सदस्य बनाए हैं। उनकी आईडी से भाजपा के सदस्य बनने वाले लोगों सहित अन्य इच्छुक लोगों को फ़ल्मि निःशुल्क दिखाई जा रही है। चंद्रा-मौर्या सिनेमाघर में दोपहर 12 बजे के शो में बड़ी संख्या में लोग फिल्म देखने पहुंचे। विक्रांत मैसी की इस फिल्म में 27 फरवरी वर्ष 2002 में गोधरा ट्रेन त्रासदी कहानी बताई गई है। बिहार के मुजफ्फरपुर से गुजरात के अहमदाबाद तक चलने वाली इस ट्रेन में हजारों यात्री सवार थे। उस दिन बड़ी संख्या में कार सेवक भी सवार थे। ट्रेन पर अचानक हमला हो जाता है और इसकी चार बोगी को फूंक दिया जाता है, जिसमें 59 लोग जल गए थे और 48 पेसेंजर घायल हो गए थे। इसी घटना पर यह फिल्म है।

### गोधरा कांड का वास्तविक सच दर्शाया



वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि फिल्म में गोधरा कांड का वास्तविक सच दर्शाया गया है। लोग इस बात को जान सकें, इसके लिए यह प्रयास शुरू किया गया है। लगभग सप्ताह भर सिनेमाघर में फिल्म देखने वैशाली नगर विधानसभा के लोग पहुंचेंगे।

## निशुल्क दंत जांच शिविर में दांतों की देखभाल के टिप्स



**भिलाई।** नारायणा ई-टेक्नो स्कूल के सदस्यों द्वारा ड्रीम होम्स नेहरू नगर और दिलीप परिसर कैलाश नगर के सदस्याओं के लिए निःशुल्क दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ दांतों की देखभाल के लिए आवश्यक सलाह देना था। दंत चिकित्सक डॉ. तृप्ति पांडेय और डॉ. चिन्नार फटिंग ने सेवाएं दी। डॉक्टर्स ने उपस्थित लोगों को दांतों की देखभाल के महत्त्व और नियमित जांच की आवश्यकता के बारे में बताया। आयोजकों ने बताया कि नारायणा ई-टेक्नो स्कूल नारायणा एजुकेशनल ग्रुप हैदराबाद द्वारा संचालित एक शिक्षण संस्थान है, जो पिछले 45 वर्षों से भारत के 800 से अधिक शहरों और राज्यों में अपनी शालाएं संचालित कर रहा है। नारायणा ई-टेक्नो स्कूल भिलाई सहित 4 अन्य स्थानों पर वर्ष 2025-26 से अपनी नई शाखाएं संचालित करने जा रहा है। यह जानकारी नारायणा इ-टेक्नो स्कूल की तरफ से नमन शर्मा ने दी।

इंटर कॉलेज डिबेट व स्पीट कॉम्पीटिशन, 35 कॉलेज के स्टूडेंट्स ने रखे विचार

## एआई के निगेटिव और पॉजीटिव प्रभाव पर चर्चा, ऐतिहासिक घटनाओं पर भी मंथन

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी द्वारा कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 में युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इसके तहत अंतर महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज स्पर्धा, तात्कालिक भाषण प्रतिस्पर्धा में सात जिलों के 35 से अधिक महाविद्यालय के 70 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर युवाओं ने आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस पर खुलकर बात की। इसके फायदे और नुकसान से अवगत कराया। कल्याण कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने कहा कि अध्ययन के दौरान अनेक स्पर्धाओं, प्रतिस्पर्धाओं और प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इससे हमारी आंतरिक प्रतिभाओं की पहचान होती है।



### एआई के कई पक्ष पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, जिज्ञासावश प्रश्न भी किए

कल्याण महाविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धा में इस सदन की राय में क्या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) खतरनाक है विषय पर विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में अपनी बातें रखी। इसमें बतौर निर्णायक के तौर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विजय गुप्ता राजनांदगांव के घुमका स्थित वीरांगना अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय में इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक दीपक वर्मा उपस्थित रहे। स्पर्धा में ऑब्जर्वर के रूप में शासकीय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर एआई पर भी चर्चा की गई। साथ ही निरंतरता बनाए रखने से हमारी प्रतिभाओं में नित सुधार होते जाता है। निर्णायकों ने कहा कि तात्कालिक भाषण में आपको पहले विषय को समझना चाहिए। साथ ही इसमें किन-किन बिन्दुओं को आधार बनाकर बोलना है, उन चीजों का ध्यान रखना चाहिए। जैसे कि किसी भी विषय के धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक आदि कई आयाम और पहलू होते है। इन पहलुओं और आयामों को समझकर ही हमें इनके संबंधों, अंतर्संबंधों, प्रभावों को देखते हुए अपनी तैयारी करनी चाहिए। इससे बातों को सारगर्भित ढंग से या फिर संक्षेप में बोलने की स्थिति भी साफ हो जाती है।

### विद्यार्थियों ने अपने विचारों से किया अचंभित

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विचारों से निर्णायकों को अचंभित कर दिया। प्राध्यापक डॉ. मणिमेखला शुक्ला द्वारा सुमधुर गीत से मां सरस्वती का वंदन किया गया। छात्र संघ के प्रभारी डॉ. केएन दिनेश के निर्देशन और डॉ. कविता वर्मा, डॉ. अंजन कुमार के संयोजन में सहायक प्राध्यापक तारिणी साहू, मजहर खान, पूजा विश्वकर्मा, दशरथ वर्मा के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजन कुमार ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. लखन चौधरी, डॉ.सलीम अकील, डॉ. अनुराग पाण्डेय, डॉ.सुमित्रा मौर्य, पूर्वा शर्मा, विपाशा चौधरी, श्रद्धा साहू, धनेश्वरी साहू व विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र और छात्राएं उपस्थित थे।

**सिटी इवेंट**

## लगाया एक पेड़ मां के नाम सुरक्षित रखने लिया संकल्प



**भिलाई।** देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश एवं विदेश में एक पेड़ मां के नाम की थीम पर अपनी मां को समर्पित करते हुए पेड़ लगाये जा रहे हैं। जिससे मां की यादें ताजा रहे। इसी कड़ी में खुर्सीपार के नगर निगम भिलाई आयुक्त एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगाया गया। इस दौरान लगाए गए पेड़ को संरक्षित रखने की जिम्मेंदारी उपस्थित खिलाड़ियों द्वारा लिया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि पेड़ है तो जीवन है, पेड़ है तो हवा है, पेड़ है तो सब कुछ है। इसी की याद करते हुए सभी लोगों ने अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाए और उसे बचाने का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण के दौरान उपस्थित रहे जोन कमिश्नर सतीश यादव, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अभियंता रवि सिन्हा ,विनीत वर्मा, जोन राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जनसंपर्क अधिकारी अजय शुक्ला, सामाजिक परमार्थ सेवा संस्थान से मुकेश पांडे, डॉ हर्षिता शुक्ला, डीपी सोनी, ओम देवांगन, भूतपूर्व सैनिक शैलेंद्र गुप्ता, स्थानी फुटबॉल खिलाड़ी सहित अन्य जनों ने पौधरोपण किया।

**एजुकेशन लाइव**

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक सोच, मिला सम्मान



**भिलाई।** बच्चों में वैज्ञानिक सोच और अन्वेषण प्रवृत्ति विकसित करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैम्प 1 भिलाई द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 9वीं से 12वीं तक विज्ञान के 327 विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी सक्रिय सहभागिता दी। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने 86 प्रादर्श, 11 प्रायोजना, 24 रंगोली, 26 पोस्टर का प्रदर्शन एवं 16 विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रश्नोत्तरी में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के सदस्य और विधायक प्रतिनिधि अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि धर्मेंद्र पांडेय, राजकुमार जायसवाल, शाला प्राचार्य जया तिवारी उपस्थित रही। प्रतियोगिता में निर्णायक के रुप में हेमंत उपाध्याय, संध्या भागे, सीमा खान, सुमन मार्कण्डेय, ममता ओगरे, अनुपम बारीक एवं प्रदीप भास्करवार उपस्थित रहे। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रादर्श गतिविधि में प्रथम दीपिका महानंद, द्वितीय सुनिधि और तृतीय ऋषि जायसवाल, प्रायोजना में प्रथम डॉली विजेता रही।

**सिटी इवेंट**

## डिजिटल ज्ञान जरूरी, साइबर क्राइम होने पर 1930 में करें कॉल



**भिलाई।** साइबर क्राइम का प्रमुख कारण डिजिटल ज्ञान की कमी को मना जाता है। इस कारण डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, प्रोफेसर सहित उच्च शिक्षित व्यक्ति और विशेष पदों पर आसीन हैं वे आसानी से साइबर क्राइम (डिजिटल ठगी) के शिकार हो जाते हैं। साइबर क्राइम के शिकार हो जाने पर हमें तत्काल टोल फ्री नम्बर 1930 पर कॉल कर सूचित करें। साइबर फ्रॉड की यह जानाकारी साइबर क्राइम के नोडल अधिकारी डॉ संकल्प राय ने दी। डॉ मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक परिचर्चा सत्र में साइबर क्राइम दुर्ग रेंज ( दुर्ग, बालोद, बेमेतरा) के नोडल अधिकारी डॉ संकल्प राय उपस्थित रहे । उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम को सरल शब्दों में डिजिटल ठगी कह सकते हैं। उन्होंने साइबर क्राइम का प्रमुख कारण डिजिटल ज्ञान की कमी को बताते हुए साइबर क्राइम के शिकार हो जाने पर हमें तत्काल टोल फ्री नम्बर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी। डॉ रॉय ने डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्सन के बारे में विस्तार से चर्चा की। साईबर क्राइम से बचाव के लिए संचार साथी एप और चक्षु सुविधा के बारे में जानकारी दे कर महाविद्यालय और विद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने छोटी किंतु महत्वपूर्ण सावधानियों का पालन करने की बात कही। जैसे पासवर्ड और ओ टी पी किसी के साथ शेयर न करना, अनजान लिंक को क्लिक न करना,कहीं घूमने जा रहें तो उसे सोशल मीडिया में प्रचारित न करना और इमरजेंसी नंबर 1930 का उपयोग करने में करना आदि का पालन कर हम साइबर क्राइम से बच सकते हैं। बौद्धिक परिचर्चा से पहले स्वयं सेवकों ने सुबह प्रभात फेरी निकाली और शिविर स्थल और उसके चारों ओर बड़े स्तर पर सफाई कार्य किए।

### एड्स व नशामुक्ति को लेकर किया जागरूक

शिविर के दूसरे सत्र में शाम को वॉल राइटिंग के तहत स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, एड्स से बचाव और नशा मुक्ति संबंधी नारों का लेखन ग्राम नारधा में किया। स्वयं सेवकों ने देशी खेल रुमाल झपट्टा खेल खेलकर अपना मनोरंजन किए भी किया। शिविर के प्रथम दिवस का शुभारंभ डॉ मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल के नव नियुक्त प्राचार्य डॉ आर एस सिंह, ग्राम पंचायत नारधा के सरपंच विपिन कुमार शर्मा और माध्यमिक विद्यालय नारधा की संस्था प्रमुख मिद्या द्वारा किया गया।

**जिला देवांगन समाज का सामाजिक और युवक-युवती परिचय सम्मेलन**

# मनपसंद जीवन साथी चुनने 275 युवक और 160 युवतियों ने दिया परिचय, 32 तलाकशुदा भी पहुंचे

**ट्विनसिटी में इन दिनों विभिन्न समाजों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में देवांगन समाज और जिला साहू संघ भिलाई का युवक-युवती परिचय सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ। दोनों ही आयोजन में इस मौके पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने साहू उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि इस कार्यक्रम की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब कुछ रिश्ते यहीं पक्के हो जाएं।**

**दुर्ग।** जिला देवांगन समाज के तत्वाधान में महिला एवं युवा प्रकोष्ठ के द्वारा रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे भवन, जवाहर नगर, धमधा रोड, दुर्ग में देवांगन समाज का विशाल सामाजिक एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 275 युवकों एवं 160 युवतियों ने सम्मेलन में अपने जीवन साथी चुनने परिचय दिया। इसके साथ ही पुनर्विवाह के इच्छुक 32 तलाकशुदा, विधवा एवं विधुर ने भी अपना परिचय दिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री अरूण साव थे। अति विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल एवं देवांगन समाज के राष्ट्रीय समिति के उपाध्यक्ष महेश देवांगन, पूर्व सभापति दुर्ग दिनेश देवांगन, बीरगांव नगर के पूर्व महापौर डॉ ओमप्रकाश देवांगन, प्रकाश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमचंद देवांगन की। समाज के जिलाध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन ने अपने स्वागत भाषण में समाज की ओर से जिला के भवन निर्माण हेतु 75 लाख रूपए अनुदान की मांग की। इस अवसर पर अतिथियों ने एक स्मारिका का भी विमोचन किया, जिसमें देवांगन समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का विवरण, समाजोपयोगी लेख-कविताएं एवं अन्य उपयोगी जानकारियां प्रकाशित की गई है।



### उपमुख्यमंत्री साव बोले-मेहनत व ईमानदारी समाज की ताकत

समारोह को सम्बोधित करते हुए उप-मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि मेहनत और ईमानदारी देवांगन समाज की ताकत है। आज हर क्षेत्र में देवांगन समाज अपनी मेहनत और योग्यता के बल पर आगे बढ़ रहा है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देवांगन समाज शिक्षित समाज और छत्तीसगढ़ का अग्रणी समाज है, जो और भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने परिचय सम्मेलन में काफी संख्या में आये सामाजिक जनों को देखते हुए कहा कि दुर्ग जिला देवांगन समाज को ऐसे ही समाजिक आयोजनों के लिए 5 एकड़ जमीन और भव्य भवन की आवश्यकता है। हम दुर्ग जिले के सभी विधायकों के सहयोग से इस आवश्यकता की पूर्ति करेंगे। सम्मेलन को विधायक गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी संबोधित किया। संचालन सरस्वती देवांगन, हेमा देवांगन एवं पिंकी देवांगन ने किया। इस अवसर पर देवांगन समाज के जिला अध्यक्ष पुराणिक राम देवांगन, कार्य. अध्यक्ष राकेश देवांगन, सचिव धनुष राम देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लिमजे, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति देवांगन, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आशीष देवांगन, समाज के वरिष्ठ जन भूषणलाल देवांगन, भिलाई अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, अलखराम देवांगन , भेदूराम देवांगन, धनुकराम देवांगन, दुष्यंत देवांगन आदि सहित, जिला, ब्लाक, मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जिला साहू संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष एनआर साहू को समाज गौरव सम्मान



**भिलाई।** जिला साहू संघ भिलाई का युवक- युवती परिचय सम्मेलन नेहरू सांस्कृतिक सदन सेक्टर 1 में हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा जिला साहू संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष एनआर साहू को समाज गौरव सम्मान प्रदान किया गया। स्वागत भाषण जिला साहू संघ भिलाई अध्यक्ष हरिद्वारिका साहू ने दिया। इसके बाद युवक युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय देना प्रारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने बेटा पढ़ाओ, बेटा बचाओ का नारा देते हुए कहा कि बेटों को गलत दिशा में जाने से बचाएं। प्रमुख अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कोशिश होना चाहिए कि अधिक से अधिक युवक-युवती मंच पर आकर अपना परिचय दें। किसी को संकोच नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड दीपक ताराचंद साहू, जिला साहू संघ दुर्ग के अध्यक्ष नन्दलाल साहू सहित प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन सिंह साहू, सलाहकार विजय साहू, सलाहकार तुलसी साहू समेत अनेक पदाधिकारी भी मौजूद थे।

**इनका किया गया सम्मान:** कार्यक्रम में जिला साहू संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष एनआर साहू को समाज गौरव सम्मान, सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका रूही साहू को स्व खुमान साव कला गौरव सम्मान, खुर्सीपार इकाई के परदेशी साहू को उत्कृष्ट पुरुष सम्मान, रिसाली इकाई की उषा साहू को उत्कृष्ट महिला सम्मान, तहसील साह संघ रिसाली को उत्कृष्ट तहसील सम्मान, वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सोनवोइर को उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान, थनेश्वर साहू को पत्रिका प्रकाशन में सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। **460 युवक-युवतियों ने दिया अपना परिचय:** कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला साहू संघ के महासचिव अमोलदास साहू ने बताया कि इस वर्ष मांगलिक पत्रिका में 460 युवक-युवतियों का परिचय प्रकाशित किया गया है। सुबह रंगोली, व्यंजन प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में जिला साहू संघ भिलाई के उपाध्यक्ष संतोष साहू, मुन्नालाल साहू, रामकुमार साव, कोषाध्यक्ष उपेन्द्र साहू कार्यालय सचिव विमल साहू समेत जिला व तहसील के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

**डड़सेना कलार सिन्हा समाज का आयोजन**

# शपथ ग्रहण समारोह में नई टीम ने लिया सामाजिक दायित्व निभाने का संकल्प

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार सिन्हा समाज के कोहका स्थित सामाजिक भवन में जन कल्याण समिति के नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने भगवान सत्यनारायण और ईष्टदेव सहस्त्रार्जुन की कथा पूजा कर पद एवं गोपनीयता का संकल्प लिया। शपथ समारोह की शुरूआत सत्यनारायण की कथा पूजा से हुई। जहां समाज के लोगों ने ईस्ट देव से समाज और शहरवासियों की अच्छे स्वास्थ्य, समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम में समाज के जन कल्याण समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुमन सागर सिन्हा ने छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज के उत्थान में वरिष्ठजनों के योगदान और उनके समर्पण की सराहना की और जन कल्याण समिति की नई कार्यकारिणी के साथ समाज की एकजुटता और सामाजिक उन्नति के लिए सभी समाज के वरिष्ठ के मार्गदर्शन में सेवा करने का संकल्प लिया।



### इन्होंने ली शपथ

समाज के वरिष्ठ और महासचिव नवीन सिन्हा, कोषाध्यक्ष दानेश्वर डड़सेना की मौजूदगी में जन कल्याण समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुमन सिन्हा ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। मंडलेश्वर जीवन सिन्हा, गैंद राम, डॉ कृपाराम सिन्हा, बिसहत सिन्हा और रमेश सिन्हा को उपाध्यक्ष, देवेन्द और ताम्रध्वज सिन्हा सह सचिव, रूचि सिन्हा को अंकेक्षक, ताराचंद सिन्हा और दीपमाला सिन्हा को मीडिया प्रभारी के पद पर सामाजिक संस्कार व संस्कृति, एकजुटता और गोपनीयता का संकल्प दिलाई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गिरधारी लाल सिन्हा, चोवाराम सिन्हा, देवेन्द्र सिन्हा, संजू जायसवाल, नागेन्द्र डड़सेना, लक्ष्मी नारायण सिन्हा ने शपथ लिया। सलाहकार समिति के बिशेसर सिन्हा, नोहर सिन्हा, बसंत जायसवालत्र, शिव सिन्हा सदस्य होंगे।

### रिसाली मेयर बनी महिला समिति की अध्यक्ष

रिसाली नगर पालिक निगम की महापौर शशि अशोक सिन्हा जन कल्याण समिति की अध्यक्ष चुनी गई है। सुनीता सिन्हा, संतोषी सिन्हा, उषा सिन्हा और बिमला सिन्हा उपाध्यक्ष, पुष्पा डड़सेना सह सचिव, राजेश्वरी गजेन्द्र, ललिता सिन्हा समिति की पदाधिकारी चुनी गई है। महिला पदाधिकारियों को प्रांतीय महासचिव रिखीराम सिन्हा पद एवं गोपनीयता का संकल्प दिलाई।

### पत्रिका के संपादक मंडल गठित

सामाजिक पत्रिका के प्रकाशन के लिए संपादक मंडल का भी गठन किया गया। किशोर नसीने प्रधान संपादक होंगे। पुष्पेन्द्र गजेन्द्र संयोजक, गैंदराम सिन्हा प्रबंध संपादक, रामजीत सिन्हा, चोवा राम सिन्हा, आकाश सिन्हा, वरिष्ठ संपादक बनाया गया है। योगेश्वर सिन्हा, नोवल सिन्हा और राहुल सिन्हा संपादक सदस्य होंगे। देवीदीन सिन्हा,नरेन्द्र सिन्हा, लादू राम सिन्हा, भरोसा सिन्हा और धर्मेश सिन्हा सामाजिक भवन के प्रभारी होंगे।

## निधि को मिलेगा प्रभा साक्षी हिंदी सेवा सम्मान 2024



**भिलाई।** हिन्दी सेवा सम्मान 2024 के लिए प्रभा साक्षी संस्थान द्वारा भिलाई निवासी निधि भारद्वाज को चयनित किया गया। 6 दिसम्बर को दिल्ली में कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित समारोह में निधि को हिन्दी सेवा सम्मान 2024 प्रदान किया जायेगा। हिंदी के उत्थान के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। इसके साथ ही देश के प्रसिद्ध हिंदी सेवा से जुड़े विशेषज्ञों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। प्रभा साक्षी संस्थान हर वर्ष हिंदी सेवा सम्मान देश के प्रतिष्ठित लोगों को देती है। उन्होंने रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन और आंध्रप्रदेश के नागार्जुन विवि से मास्टर्स किया है। निधि भारद्वाज भिलाई के रिसाली निवासी हैं।

### माउली समाधि सोहला आज से



**भिलाई।** तुकाराम गावडे मुंबई कीर्तनकार श्रीसंत सेवा समिति द्वारा 26 से 29 नवंबर तक चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 26 को शाम 6 बजे भजन, 27 की सुबह 9 बजे पूजन एवं पंचपदी भजन, शाम 5 से 7 बजे तक हरिपाठ, 7:30 से 9:00 तक कीर्तन, 28 नवंबर गुरुवार को पंचपदी भजन 10 बजे से 1 बजे तक, समाधि सोहला कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण होगा। 28 नवंबर को पालकी शोभायात्रा शाम 6 बजे से 8 बजे तक निकलेगी। 29 नवंबर को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक गोपाल काला कीर्तन एवं महाप्रसाद किया जाएगा। इसके बाद पंचपदी भजन, हरिपाठ कीर्तन, हभप तुकाराम गावडे मुम्बई त्यानांतर महाप्रसाद वितरण और पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम सेक्टर-1 में होगा। यह जानकारी प्रशांत कुमार क्षीरसागर ने दी।

**राष्ट्रपति, पूर्व उप राष्ट्रपति व आरएसएस प्रमुख सहित विशिष्टजन हुए शामिल**

# हैदराबाद में कला पारखियों के बीच छत्तीसगढ़ी लोक वाद्यों का चला जादू, तीनों दिन दी प्रस्तुति

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** हैदराबाद में संपन्न हुए राष्ट्रीय लोक मंथन के चार दिवसीय आयोजन में प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने देश भर की कला-संस्कृति बिरादरी के बीच छत्तीसगढ़ी लोकवाद्यों का जादू जगाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, छत्तीसगढ़ के संस्कृति मंत्री केदार कश्यप और मध्यप्रदेश के संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी सहित कई विशिष्ट लोगों ने इस आयोजन में भागीदारी दी। रिखी क्षत्रिय के संग्रहित किए गए लोकवाद्यों की विशेष प्रदर्शनी यहां लोक मंथन में लगाई गई थी। जिसे देश भर से पहुंचे लोगों ने खूब पसंद किया। कला पारखियों और विद्यार्थियों ने इन लोक वाद्यों के बारे में रिखी क्षत्रिय व उनके समूह से जानकारी ली। वहीं रिखी क्षत्रिय व उनके समूह ने यहां तीन दिन तक अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। रिखी के साथ इस दल में रामकुमार निषाद , भोलाराम, उग्रसेन, देवदास, रामकुमार पाटिल, डोरेलाल, कुलदीप सार्वा, दिनेश वर्मा, अजित, राजेश, कमल ,शिवम, सुनील ,नवीन ,प्रदीप ,प्रमोद ,पारस ,संजीव कुमार ,भिमेष और वेद प्रकाश शामिल हैं।



### कुलदीप ने राष्ट्रपति के समक्ष गाया देवी गीत

लोक मंथन के आयोजन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन हुआ। इस दौरान रिखी क्षत्रिय के दल में शामिल और बालोद के ग्राम रेंगाकठेरा निवासी कुलदीप सार्वा ने दीप प्रज्वलन के दौरान छत्तीसगढ़ का देवी गीत गाकर समा बांध दिया। राष्ट्रपति द्वारा दीप प्रज्वलन एवं देवी मां को हार पहनाने के दौरान कुलदीप ने यहां हो मईया जय हो दंतेश्वरी मईया जय हो दंतेश्वरी तोरे जस अगम अपार हो मां गीत प्रस्तुत किया। कुलदीप ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय रिखी क्षत्रिय, काशी शर्मा , हेमंत माहुलिकर एवं समस्त संस्कार भारती परिवार को दिया है।


### लगातार तीनों दिन रिखी के समूह ने अपनी प्रतिभा दिखाई

राष्ट्रीय लोक मंथन आयोजन में छत्तीसगढ़ से गए लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनके समूह को तीनों दिन प्रस्तुति का अवसर मिला। यहां पहुंचने वाले कला के पारखी लोगों को आम जनता ने रिखी के संग्रह को खूब पसंद किया और लोक वाद्यों में खूब दिलचस्पी दिखाई। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि यहां सभी सांस्कृतिक दलों के लिए प्रस्तुति पहले से तय थी लेकिन उनके प्रस्तुतिकरण को वहां लोगों ने इतना पसंद किया कि आयोजकों ने लगातार तीन दिन प्रस्तुति के लिए अवसर दिया। रविवार को समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ के संस्कृति मंत्री केदार कश्यप और मध्यप्रदेश के संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रिखी क्षत्रिय व उनके समूह का सम्मान किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### हरगुन और जसराज का कॉमनवेल्थ कराते चैंपियनशिप के लिए चयन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी हरगुन कौर मनचंदा एवं जसराज सिंह मनचंदा का कॉमनवेल्थ कराते चैंपियनशिप के लिए सबजूनियर वर्ग में भारतीय टीम मे चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 27 नवंबर से 1 दिसंबर तक डरबन, साउथ अफ्रीका में आयोजित किया जाना है। इस प्रतिस्पर्धा में जसराज (8 वर्ष) पुरुष वर्ग के अंडर-10 वर्ष आयु वर्ग में +30 कि.ग्रा. में तथा हरगुन (10 वर्ष) महिला वर्ग के अंडर-12 वर्ष आयु वर्ग में -40 कि.ग्रा में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतिस्पर्धा कॉमनवेल्थ कराते फेडरेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कोच तुषार परगनिहा ने जानकारी दी की हाल ही में वुहान, चीन में आयोजित एशियन यूथ कराते टूर्नामेंट में हरगुन एवं जसराज ने सब जूनियर वर्ग मे शानदार प्रदर्शन किया था। इस प्रतिस्पर्धा में जसराज (8 वर्ष) पुरुष वर्ग के अंडर-10 वर्ष आयु वर्ग में -40 कि.ग्रा. में भारतीय टीम का प्रतिवितिधत्व करते हुए चीन को 7-2, मकाउ को 6-1 तथा सेमीफाइनल मे मकाउ के ही खिलाड़ी को 7-0 से हराते हुए फाइनल मे जगह बनाई। फाइनल मे जसराज का मुकाबला मलेशिया के खिलाड़ी से हुआ, जिसमें वह आखिर क्षणों तक 2-0 तक आगे रहे किन्तु मुकाबला मलेशिया के नाम रहा और जसराज सिंह को रजत पदक हासिल हुआ। हरगुन ने छत्तीसगढ़ में आयोजित विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण पदक तथा जसराज ने 11 स्वर्ण पदक के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दोनो ने रजत पदक तथा लगातार दो वर्षों में वेस्ट जोन प्रतियोगिताओं मे दोनों ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।

## ज्योतिष शास्त्र

### दिसंबर में 4 ग्रह बदलेंगे अपनी चाल, खुल जाएगी इन राशि वालों की किस्मत




ज्योतिष शास्त्र की गणना के अनुसार, दिसंबर का महीना ग्रह-गोचर के दृष्टिकोण से बहुत शुभ है। दिसंबर के महीने में सूर्य समेत चार प्रमुख ग्रह अपनी चाल में बदलाव करेंगे। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, साल के आखिरी महीने में सबसे पहले धन के कारक शुक्र का राशि परिवर्तन होगा। शुक्र ग्रह 2 दिसंबर को मकर राशि में प्रवेश करेंगे। उसके बाद 7 दिसंबर को मंगल देव कर्क राशि में उल्टी चाल शुरू करेंगे। इसके अलावा 15 दिसंबर को ग्रहों के राजा सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेंगे। वहीं, 16 दिसंबर को बुध ग्रह वृश्चिक राशि में फिर से मार्गी हो जाएगा। साल के आखिर में यानी 28 दिसंबर को शुक्र कुंभ राशि में गोचर करेगा। शुक्र के कुंभ राशि में प्रवेश करने से शुक्र-शनि की युति होगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि दिसंबर का महीना किन पांच राशियों के लिए शुभ रहने वाला है.

**मेष राशि :** इस राशि के लिए दिसंबर का महीना बेहद शुभ रहने वाला है। मेष राशि के जातक को आर्थिक लाभ के साथ-साथ तरक्की के कई प्रबल योग बनेंगे। सामाजिक दायरा बढ़ेगा और प्रभावों में वृद्धि होगी। नए लोगों के संपर्क से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा जातकों को यात्रा योग से धन लाभ हो सकता है। कारोबार में मनचाही सफलता मिल सकती है। व्यापार करने वालों के लिए यह महीना लाभकारी रहेगा।

**वृषभ राशि :** ग्रहों के शुभ प्रभाव से वृषभ राशि के जातकों को जीवन में तरक्की का भरपूर अवसर प्राप्त होगा। व्यापार करने वालों को विदेश यात्रा का योग बनेगा। इस दौरान कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं। कारोबार में अच्छा मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं। नौकरी में प्रमोशन का योग बनेगा। सैलरी में बढ़ोतरी की भी संभावना बन सकती है।

**सिंह राशि :** इस साल का आखिरी महीना सिंह राशि के लिए अनुकूल रहने वाला है। व्यापार करने वाले जातक कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। व्यापार में आकस्मिक धन लाभ का योग बनेगा। जीवनसाथी के साथ खुशनुमा पल बिताने का अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान लव लाइफ बहुत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :** दिसंबर का महीना मकर राशि के लिए भी शुभ कहा जाता रहा है। इस दौरान करियर में जबरदस्त उन्नति होगी। काम को लेकर दूर की यात्रा करनी पड़ सकती है। हालांकि, यह यात्रा लाभकारी साबित होगी। बिजनेस करने वाले जातकों को इस दौरान अच्छी तरक्की होगी। काम को आगे बढ़ाने का भरपूर अवसर मिलेगा।

**मीन राशि :** साल के आखिरी महीने में मीन राशि के जातकों की हर मनोकामना पूर्ण होगी। इस दौरान नौकरी और व्यापार में तरक्की के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे। साझेदारी वाले व्यापार में भी तरक्की का योग बनेगा. ।कार्यस्थल पर अपनी क्षमता दिखाएंगे, जिसका लाभ मिलेगा। सेहत को लेकर भी यह महीना अनुकूल रहने वाला है।

## संपूर्ण स्वास्थ्य का समर्थन करके वजन घटाने में कर सकता है मदद

# सर्दियों में बनाकर पीएं गर्मा-गर्म हल्दी वाली कॉफी, मिलेंगे स्वास्थ्य संबंधी कई लाभ

सर्दियों के दौरान लोग अपने शरीर को गर्माहट पहुंचाने के लिए चाय और चॉकलेट वाले दूध जैसे गर्म पेय पदार्थों का सेवन करते हैं। हालांकि, इनका अधिक सेवन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। इनके बजाय आप सर्दियों की देखभाल के लिए डाइट में गर्मा-गर्म हल्दी वाली कॉफी शामिल कर सकते हैं। यह एक ऐसा पेय है, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य का समर्थन करके वजन घटाने में मदद कर सकता है और इसे बनाना भी बेहद आसान होता है।



### पहले जानें इस पेय को बनाने का तरीका

हल्दी वाली कॉफी की रेसिपी आसान होती है और इसे बनने में ज्यादा समय भी नहीं लगता है। इसके लिए सबसे पहले कॉफी को गर्म पानी में फेंटकर एस्प्रेसो शॉट तैयार कर लें। अब एक छोटा कटोरा लेकर उसमें हल्दी पाउडर, काली मिर्च का पाउडर और दालचीनी पाउडर मिलाएं। इस मिश्रण को कॉफी शॉट में डालकर मिला लें। इसमें गर्म दूध डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अगर आप इसे मीठा बनाना चाहते हैं तो आप इसमें शहद मिला सकते हैं।

### पाचन स्वास्थ्य होता है दुरुस्त

सर्दियों में लोग ज्यादा भोजन कर लेते हैं, जिसके कारण पेट संबंधी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। ऐसे में आप हल्दी वाली कॉफी को खान-पान का हिस्सा बनाने पर विचार कर सकते हैं। इसके सेवन से पाचन स्वास्थ्य दुरुस्त हो सकता है और कब्ज से राहत मिल सकती है। हल्दी पित्त उत्पादन को उत्तेजित करती है, जो वसा को जलाने में सहायक होता है और पाचन को बढ़ावा देता है। इसे कॉफी से साथ मिलाने से अपच का इलाज होता है।

### प्रतिरक्षा प्रणाली होती है मजबूत

हल्दी एक ऐसा खाद्य पदार्थ है, जिसे सदियों से आयुर्वेदिक चिकित्सा में इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल, एंटी-सेप्टिक और एंटीफंगल गुण इसे संक्रमण, सर्दी और जुखाम से लड़ने के लिए एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा बनाते हैं। दूसरी ओर, क्लोरोजेनिक एसिड और कैफेस्टोल जैसे यौगिकों की उपस्थिति के कारण कॉफी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में योगदान दे सकती है। हल्दी वाली कॉफी पीने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और बीमारियों से बचा जा सकता है।

### त्वचा बनती है स्वस्थ

हल्दी वाली कॉफी का नियमित सेवन त्वचा की देखभाल करने के लिए भी मददगार साबित हो सकता है। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-सेप्टिक गुण मौजूद होते हैं। इनके कारण त्वचा पर होने वाले मुंहासे, लालपन और दाग-धब्बे दूर हो जाते हैं। वहीं, कॉफी रक्त संचार में सुधार करके पोषक तत्वों को त्वचा कोशिकाओं तक पहुंचाने में सहायता करती है, जिससे त्वचा चमकदार बन जाती है।



## खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर स्ट्रॉबेरी से बनाए जा सकते हैं ये स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन

स्ट्रॉबेरी एक ऐसा फल है, जो अपने मीठे और खट्टे स्वाद के लिए जाना जाता है। यह न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें विटामिन-सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स भी भरपूर मात्रा में होते हैं। आमतौर पर स्ट्रॉबेरी का उपयोग डेसर्ट और शेक्स में किया जाता है। आइए आज हम आपको स्ट्रॉबेरी से बनाए जाने वाले व्यंजनों की कुछ रेसिपी बताते हैं, जिन्हें घर पर आसानी से बनाया जा सकता है।

**स्ट्रॉबेरी की चटनी :** स्ट्रॉबेरी की चटनी एक अनोखा और स्वादिष्ट विकल्प है, जिसे आप अपने खाने के साथ परोस सकते हैं। इसे बनाने के लिए आपको ताजी स्ट्रॉबेरी, हरा धनिया, पुदीना पत्तियां, हरी मिर्च, नींबू का रस और नमक चाहिए। सबसे पहले सभी सामग्री को अच्छे से धो लें, फिर इन्हें मिक्सर में डालकर पीस लें जब तक कि यह एक चिकनी पेस्ट न बन जाए। इस चटनी को आप समोसे, पकौड़े या किसी भी स्नैक के साथ परोस सकते हैं।

**स्ट्रॉबेरी का पुलाव :** स्ट्रॉबेरी पुलाव एक मीठा और खट्टा व्यंजन है। इसे बनाने के लिए आपको बासमती चावल, ताजी स्ट्रॉबेरी, चीनी, घी, काजू और किशमिश चाहिए। सबसे पहले चावल को धोकर 30 मिनट तक भिगो दें, फिर घी गर्म करके उसमें काजू-किशमिश भून लें। अब इसमें भिगोए हुए चावल डालें और हल्का-सा भूनें। इसके बाद पानी डालकर पकाएं जब तक कि चावल आधे पक जाएं। अब इसमें स्ट्रॉबेरी और चीनी मिलाएं और धीमी आंच पर पकने दें, फिर इसे गर्मागर्म परोसें।



**स्ट्रॉबेरी का रायता :** रायता तो आपने कई तरह का खाया होगा, लेकिन क्या आपने कभी स्ट्रॉबेरी रायता ट्राई किया है? इसे बनाने के लिए आपको दही, ताजी कटे हुए स्ट्रॉबेरीज, चीनी या शहद (स्वाद अनुसार), भुना जीरा पाउडर और नमक चाहिए। सबसे पहले दही को अच्छे से फेंट लें ताकि वह स्मूद हो जाएं। अब इसमें कटे हुए स्ट्रॉबेरीज मिलाएं साथ ही चीनी या शहद डालें। ऊपर से भुना जीरा पाउडर छिड़कें। आपका अनोखा रायता तैयार है।

**स्ट्रॉबेरी की पूड़ी :** पूड़ी तो आपने कई बार खाई होगी लेकिन क्या आपने कभी मीठी पूड़ी ट्राई की? इसे बनाने के लिए आपको गेहूं का आटा, सूजी, ताजा कटी हुई स्ट्रॉबेरी, गुड़, इलायची पाउडर चाहिए। सबसे पहले आटे में सूजी मिलाकर गूंथ लें, फिर गुड़ को पानी में घोल कर उसमें इलायची पाउडर मिला दें। अब इस मिश्रण को आटे में मिलाकर गूंथ लें। अंत में कटी हुई स्ट्रॉबेरी मिला कर छोटी-छोटी पूड़ी बेल कर तल लें।

**स्ट्रॉबेरी इडली :** इडली तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी मीठी इडली ट्राई की है? इसे बनाने के लिए इडली बैटर, ताजा कटी हुई स्ट्रॉबेरी, नारियल बूरा, गुड़ चाहिए। सबसे पहले इडली बैटर तैयार करें, फिर उसमें नारियल बूरा और गुड़ मिला दें। अंत में कटी हुई स्ट्रॉबेरी मिलाकर अच्छे से मिक्स करें और स्टीमर में रखकर स्टीम करें। आपकी मीठी और स्वादिष्ट स्ट्रॉबेरी इडली तैयार है, जिसे आप तुरंत परोस सकते हैं।

## महिलाओं में बढ़ते मिसकैरेज की यह है वजह, आज ही जान लें मुख्य कारण

प्रेगनेंसी किसी भी महिला के जीवन का सबसे खास समय होता है, लेकिन कई बार मिसकैरेज के कारण उनका मातृत्व का सपना अधूरा रह जाता है। भारत में करीब 10 प्रतिशत महिलाएं मिसकैरेज की वजह से मां नहीं बन पातीं। दुनिया भर में हर 10 में से एक प्रेगनेंट महिला मिसकैरेज के दर्द से गुजरती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, हर साल दुनिया में 2.3 करोड़ महिलाओं को मिसकैरेज का सामना करना पड़ता है। कई महिलाओं को बार-बार इस दर्द को झेलना पड़ता है। आइए जानते हैं मिसकैरेज के प्रमुख कारण, ताकि इससे बचाव किया जा सके।



### मिसकैरेज के प्रमुख कारण

गाइनेकोलॉजिस्ट्स के अनुसार, प्रेगनेंसी की पहली तिमाही में मिसकैरेज के सबसे बड़े कारण भ्रूण में क्रोमोसोमल गड़बड़ी, मां की स्वास्थ्य समस्याएं, और पर्यावरणीय कारण हैं।

### भ्रूण में गड़बड़ी

प्रेगनेंसी में भ्रूण में क्रोमोसोमल गड़बड़ी होने पर गर्भपात का खतरा अधिक रहता है। यह सबसे आम कारण माना जाता है।

### मां को स्वास्थ्य समस्याएं

महिला के शरीर में हार्मोनल असंतुलन, थायरॉयड, डायबिटीज, या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की वजह से भी मिसकैरेज हो सकता है। साथ ही, कुछ गंभीर संक्रमण जैसे टोक्सोप्लाज्मा, रूबेला, या साइटोमेगालोवायरस से गर्भपात का खतरा बढ़ सकता है। गर्भाशय की संरचना में गड़बड़ी, सर्विक्स की कमजोरी, और फाइब्रॉइड जैसी समस्याएं भी इस स्थिति का कारण बन सकती हैं।

### पर्यावरणीय और बाहरी कारण

कुछ दवाइयों का सेवन, प्रदूषण, जहरीली गैसों, और मर्करी जैसे खतरनाक तत्वों के संपर्क में आने से भी मिसकैरेज का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा, नशे की लत भी गर्भपात का एक प्रमुख कारण हो सकती है।

**किडनी की समस्या वालों को नहीं खाना चाहिए संतरा**

## सर्दियों में संतरे खाने के ढेरों फायदे ज्यादा सेवन से हो सकती हैं परेशानियां

संतरा विटामिन सी रिच फूड है। यह आपकी स्किन, बाल और इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए बेस्ट माना जाता है। यह फल सर्दियों की परेशानियों के खिलाफ हमारे शरीर को मजबूत बनाने में सहयोग प्रदान करता है। क्या आप जानते हैं कि ठंड के मौसम में हर दिन एक संतरा खाने से आपको कितने फायदे हो सकते हैं? अगर नहीं तो आज आपको इस आर्टिकल में पता लग जाएगा, जिसे जानने के बाद आप भी इसे अपनी डाइट का हिस्सा बनाएंगे...



**सर्दियों में संतरे खाने के फायदे :** संतरे में फ्लेवोनोइड्स और कैरोटीनॉयड सहित कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट की मौजूदगी शरीर में फ्री रेडिकल्स को बेअसर करने में मदद करती है, जिससे ऑक्सीडेटिव तनाव से सुरक्षा मिलती है। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर यह तत्व सेलुलर हेल्थ में योगदान देता है और पुरानी बीमारियों से लड़ने की क्षमता विकसित करता है। सर्दियों में संतरे का नियमित सेवन बेहतर हाइड्रेशन में योगदान दे सकता है, क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। इनमें मौजूद फाइबर ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। संतरे का सेवन हार्ट अटैक के जोखिम को कम करता है। वहीं, संतरे में फाइबर होता है, जो वजन घटाने में मदद करता है।

**किन लोगों को नहीं खाना चाहिए :** संतरे में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, ऐसे में इनका अधिक सेवन पाचन संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है। इसके अलावा, खट्टे फलों से एलर्जी या किडनी की समस्या जैसी कुछ बीमारियों में संतरा खाने से परहेज करना चाहिए।

**संतरे को किस समय खाना चाहिए :** संतरे को ठंड के मौसम में 12 बजे के आसपास यानी दोपहर के समय खाना चाहिए. शाम को या रात में खाने से बचना चाहिए.

**कार्नर न्यूज**

**मायावी ग्रह राहु मीन से कुंभ राशि में प्रवेश करेगा**

# अगले साल राहु चाल बदलकर संवारेंगे इन राशि वालों की तकदीर, होगी जबरदस्त तरक्की

ज्योतिष शास्त्र में राहु को मायावी और पाप का कारक ग्रह बताया गया है। नौ ग्रहों में राहु-केतु ही ऐसा ग्रह है जो कि हमेशा वक्री यानी उल्टी चाल में भ्रमण करता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, साल 2025 में राहु कुंभ राशि में प्रवेश करेगा। नए साल (2025) में राहु के कुंभ राशि में प्रवेश करने से कुछ राशियों को किस्मत का साथ मिलना शुरू हो जाएगा और आर्थिक और मानसिक परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। चूंकि, कुंभ राशि पर शनि का आधिपत्य है, ऐसे में राहु के इस राशि में जाने से किन राशियों को विशेष लाभ होगा, जानिए।



### कन्या राशि

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, साल 2025 में राहु कन्या राशि के पहले भाव में प्रवेश करेगा। ऐसे में राहु के इस गोचर से कन्या राशि से संबंध रखने वाले जातकों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। व्यापार में साझेदार के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण डील फाइनल होगी। व्यापार में किसी बड़े प्रोजेक्ट में सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में सुधार होगा। कारोबार बढ़ेगा। कुल मिलाकर राहु का यह गोचर लाभकारी साबित होगा।

### धनु राशि

साल 2025 में राहु धनु राशि वालों की कुंडली के तीसरे भाव में प्रवेश करेगा। ऐसे में राहु का यह गोचर इस राशि के लिए लाभकारी साबित होगा। आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। व्यापार में तरक्की के मार्ग खुलेंगे। नए स्त्रोत से धन लाभ होगा। नौकरी में तरक्की रोजगार में उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। शादीशुदा जातकों को जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा। प्रेम संबंध में रिश्ते मधुर होंगे।

### 2025 में कब होगा राहु का गोचर

ज्योतिष शास्त्र की गणना के अनुसार, साल 2025 में राहु 18 मई को शाम 5 बजकर 08 मिनट पर मीन से कुंभ राशि में प्रवेश करेगा।

### खराब राहु के लक्षण

अगर कुंडली में राहु की स्थिति अच्छी नहीं है तो ऐसे में जातक को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। राहु के खराब होने से पेट से जुड़ी समस्या, सिर दर्द होना, रिश्ते खराब होगा, खुद को लेकर गलतफहमी, धन की हानि, बात-बात पर आपा खोना, वाणी का कठोर होना, वाहन दुर्घटना, अपयश मिलना, अच्छे दोस्त ना मिलना इत्यादि कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### राहु के उपाय

- राहु ग्रह की शांति के लिए हनुमान जी की उपासना और हनुमान चालीसा का पाठ करना काफी लाभकारी साबित होता है।
- ससुराल पक्ष के लोगों के साथ अच्छे संबंध रखना भी राहु को प्रसन्न करता है।
- राहु को शांत करने के लिए शराब-सिगरेट इत्यादि नशीले पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए।
- राहु को भगवान शिव का भक्त माना गया है। ऐसे में राहु को प्रसन्न करने के लिए शिवजी की उपासना लाभकारी साबित होती है।
- राहु को प्रसन्न करने के लिए दुर्गा सप्तशती का पाठ करना लाभकारी माना गया है।
- कालभैरव के मंदिर में सरसों के तेल का दीया जलाने से राहु शांत होता है।
- सोमवार को शिवलिंग पर जल अर्पित करने से भी राहु के अशुभ प्रकोप से मुक्ति मिलती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'डेडपूल और वूल्वरीन' ने बजट से कई गुना कमाया



बॉक्स ऑफिस पर 2024 में कई फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड की मूवीज का नाम शामिल है। वहीं कई सुपरस्टार्स ने त्योहार का दिन या वीकेंड चुना। लेकिन इन फिल्मों में एक मूवी, जिसने सभी का ध्यान खींचा। वह थी डेडपूल एंड वूल्वरीन, जिसका बजट 1673 करोड़ था। लेकिन, दुनियाभर में इसने 11180 करोड़ की कमाई हासिल की थी। वहीं, अपना डंका बॉक्स ऑफिस पर बजाया था। डेडपूल ऐंड वूल्वरिन को भारत में इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुग, कन्नड़ और मलयालम में 26 जुलाई को रिलीज हुई थी। जबकि इससे पहले अक्षय कुमार की सरफिरा और विक्की कौशल की बैड न्यूज रिलीज हुई थी, जिसका बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हुआ था। लेकिन डेडपूल और वूल्वरीन ने 51.1 करोड़ की कमाई भारत में की थी। वहीं पहले ही हफ्ते में 113.23 करोड़ रुपए का ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन हासिल की थी। दर्शकों ने मार्वल स्टूडियोज की एक्शन एंटरटेनर डेडपूल और वुल्वरिन को जबरदस्त प्यार दिया है। इसके चलते बजट से कई गुना फिल्म ने कमाया। मार्वल स्टूडियोज की एक्शन फिल्म डेडपूल और वुल्वरिन रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन की फिल्म डेडपूल एंड वुल्वरिन की कहानी और एक्शन दोनों को ही खूब पसंद किया जा रहा है।

### टॉलीवुड

## पारंपरिक अंदाज में होगा नागा चैतन्य-शोभिता का विवाह, 8 घंटे चलेंगी रस्में



अभिनेता नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने इस साल अगस्त में सगाई की। अब फैंस को इनकी शादी का इंतजार है। दोनों की शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ है। इसके मुताबिक यह जोड़ा 4 दिसंबर को शादी रचाएगा। फिलहाल दोनों घरों में जोर-शोर से शादी की तैयारियां चल रही हैं। सामने आ रही जानकारी के मुताबिक इनका विवाह पारंपरिक तरीके से होगा और सभी रस्मों का ख्याल रखा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य की शादी की रस्में 8 घंटे चलेंगी। 4 दिसंबर को एक लंबा पारंपरिक तेलुगु ब्राह्मण विवाह समारोह का आयोज होगा। दोनों सितारे इस आयोजन के सांस्कृतिक महत्व का सम्मान करते हुए शादी की सभी रस्में विधि-विधान से पूरी करेंगे। दिनभर पारंपरिक अनुष्ठान होंगे। शोभिता और नागा से जुड़े एक करीबी सूत्र के मुताबिक 'दोनों पिरवारों में जोर-शोर से शादी की तैयारियां चल रही हैं। शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य अपने डी-डे पर आठ घंटे लंबी रस्में निभाएंगे। इनकी शादी पारंपरिक तरीके से होगी और पुरानी परंपराराओं का खास तौर से ध्यान रखा जाएगा। शादी के दिन शोभिता कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहनेंगी, जिस पर सोने से जरी का काम है। शोभिता अपनी शादी की तैयारी खुद निजी तौर पर कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक शोभिता अपनी शादी की तैयारियों में तेलुगु परंपराओं की विरासत का खासतौर पर ख्याल रख रही हैं।

### भोजपुरी

## बिग बॉस फेम इस भोजपुरी एक्टर ने रचाई शादी



बिग बॉस फेम भोजपुरी अभिनेता-गायक दीपक ठाकुर ने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की है। वे विवाह बंधन में बंध गए हैं। अभिनेता ने कल रविवार 24 नवंबर को नेहा चौबे के साथ शादी रचाई है। दीपक ने प्री-वेडिंग से लेकर, तिलक और अब बरात व शादी की तस्वीरें फैंस के साथ साझा की हैं। उन्होंने पारंपरिक तरीके से शादी रचाई है। दीपक ठाकुर बिहार के मुजफ्फरपुर से आते हैं। वे अपनी गायिकी के लिए मशहूर हैं। दीपक ठाकुर रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 12वें सीजन में बतौर प्रतिभागी हिस्सा ले चुके हैं। इस शो के जरिए उन्हें काफी लोकप्रियता मिली। दीपक ने गैंग ऑफ वासेपुर, भईया जी समेत कई फिल्मों में गाने गाए हैं। दीपक ठाकुर की दुल्हन का नाम नेहा चौबे है। नेहा के इंस्टाग्राम हैंडल से मिली जानकारी के मुताबिक वे सोशल वर्कर हैं। आज सोमवार को दीपक ठाकुर ने दुल्हन की विदाई कराकर अपने घर लौटते हुए का वीडियो फैंस के साथ साझा किया है। इसके साथ उन्होंने अपनी हमसफर नेहा को टैग करते हुए कैप्शन लिखा है, 'शादी मुबारक'। वीडियो में नेहा और दीपक कार में बैठे नजर आ रहे हैं। गाना चल रहा है, 'मुड़ के ना देखो दिलबरो'। जीवन की नई पारी की शुरुआत पर फैंस खूबसूरत जोड़ी को शुभकामनाएं दे रहे हैं। यूजर लिख रहे हैं, 'बहुत प्यारी जोड़ी है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'जिंदगी का नया सफर बहुत-बहुत मुबारक हो'।

### लाइफ स्टाइल

## खुशी कपूर के विंटर लुक्स हैं कमाल

दिल्ली समेत भारत के कई राज्यों में ठंड ने दस्तक दे दी है और धीरे-धीरे ये बढ़ती जा रही है। ऐसे में ठंड के दिनों में स्टाइलिश दिखना है तो खुशी कपूर के लुक्स से इंस्पिरेशन लें। इस लुक में खुशी कपूर ने पीले रंग के एक स्वेटर को कैरी किया है, जो थोड़ी लूज फिटिंग में है। इस तरह के स्वेटर को आप लूज फिटिंग जींस के साथ पेयर कर सकती हैं। ये काफी अच्छा लगता है। ठंड से बचने के लिए स्वेटर के नीचे एक वॉर्मर या फिर गर्म टी शर्ट भी पहन सकती हैं। खुशी ने सफेद क्रॉप स्वेटर को प्लीटेड स्कर्ट के साथ स्टाइल किया है। ये स्वेटर रग्ड लुक में है। इस आउटफिट के साथ बरगंडी बूट्स को स्टाइल किया है। पार्टी में इस तरह के आइकॉनिक लुक को क्रिए किया जा सकता है। इस लुक को पूरा करने के लिए खुशी ने बालों को खुला रखा है। इसी के साथ पिंक लिपस्टिक और पिंक गाल काफी खिल रहे हैं।



## फैशन

## रिसेप्शन में स्टाइलिश और अलग दिखने के लिए पुरुष चुन सकते हैं ये परिधान



शादी का रिसेप्शन एक खास मौका होता है, जहां हर कोई अपने सबसे अच्छे कपड़े पहनना चाहता है। भारतीय पुरुषों के लिए सही कपड़े चुनना कभी-कभी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी फैशन टिप्स देंगे, जिससे आप अपने रिसेप्शन लुक को बेहतरीन बना सकें। सही कपड़ों का चयन करने से लेकर गहनों तक, हम हर पहलू पर ध्यान देंगे ताकि आप इस खास दिन पर सबसे आकर्षक दिखें।

**सूट का चयन करें :** शादी के रिसेप्शन पर सूट पहनना हमेशा एक अच्छा विकल्प होता है। सूट न केवल आपको स्मार्ट दिखाता है बल्कि यह आरामदायक भी होता है। सूट का रंग चुनते समय ध्यान रखें कि वह आपकी त्वचा के रंग से मेल खाता हो। गहरे रंग जैसे नेवी ब्लू या चारकोल ग्रे हमेशा अच्छे लगते हैं। इसके साथ सफेद शर्ट और मैचिंग टाई पहनें ताकि आपका लुक पूरा हो सके।

**बंदगला जैकेट आजमाएं:** अगर आप पारंपरिक और आधुनिकता का मिश्रण चाहते हैं तो बंदगला जैकेट एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह न केवल आपको शाही अंदाज देता है बल्कि बहुत ही स्टाइलिश भी लगता है। बंदगला जैकेट को धोती या चूड़ीदार पायजामा के साथ पहन सकते हैं। इसके साथ जूतियां या मोचरी पहनकर अपना लुक पूरा करें। आप चाहें तो इसके साथ हल्के गहने भी पहन सकते हैं, जैसे कि कफलिंक या ब्रेसलेट, जो आपके लुक को और खास बनाएंगे।

**कुर्ता-पायजामा पहनें :** कुर्ता-पायजामा हमेशा से ही भारतीय शादी समारोहों में लोकप्रिय रहा है। अगर आप कुछ सरल और पारंपरिक चाहते हैं तो कुर्ता-पायजामा आपके लिए सही रहेगा। सिल्क या सूती कुर्ते चुनें, जिनपर हल्की कढ़ाई की गई हो ताकि वे आकर्षक लगें। इसके साथ मैचिंग पायजामा और जूतियां पहनकर अपना लुक पूरा करें। आप चाहें तो इसके साथ एक हल्का दुपट्टा भी ले सकते हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

**शेरवानी का चयन करें :** शेरवानी एक ऐसा परिधान है, जो किसी भी शादी समारोह में आपको सबसे अलग दिखाएगा। शेरवानी को चुनते समय ध्यान रखें कि उसकी फिटिंग सही हो और वह आपके शरीर पर अच्छी तरह बैठे। इसके साथ चूड़ीदार पायजामा या धोती पहनी जा सकती है, जिससे आपका लुक पूरी तरह से पारंपरिक लगेगा। शेरवानी के साथ मैचिंग जूतियां पहनें और चाहें तो हल्के गहने जैसे कफलिंक या ब्रेसलेट भी जोड़ सकते हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

**एक्सेसरीज का उपयोग करें :** अच्छे कपड़ों के साथ सही एक्सेसरीज भी जरूरी होती हैं ताकि आपका लुक पूरा लगे। घड़ी, कफलिंक, पॉकेट स्क्वायर जैसी छोटी-छोटी चीजें आपके कपड़ों को खास बना सकती हैं।

## मुंहासों के दाग हटाने के लिए इन 5 तरीकों से मुलेठी तेल का करें इस्तेमाल

मुंहासों के दाग और काले धब्बे चेहरे की सुंदरता को कम कर सकते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए कई उपाय होते हैं, लेकिन प्राकृतिक उपाय सबसे सुरक्षित और प्रभावी माने जाते हैं। मुलेठी का तेल एक ऐसा एसेंशियल ऑयल है, जो त्वचा को साफ और चमकदार बनाने में मदद करता है। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप मुलेठी तेल का इस्तेमाल करके अपने चेहरे से काले धब्बे हटा सकते हैं।

**मुलेठी तेल से चेहरे की सफाई :** मुलेठी तेल में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा को साफ करने में मदद करते हैं। इसके लिए सबसे पहले अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें ताकि पोर्स खुल जाएं, फिर कुछ बूंदें मुलेठी तेल की लेकर हल्के हाथों से पूरे चेहरे पर मालिश करें। इसे 10-15 मिनट तक छोड़ दें और फिर ठंडे पानी से धो लें। नियमित रूप से ऐसा करने पर आपके चेहरे की रंगत निखर जाएगी और काले धब्बे धीरे-धीरे कम हो जाएंगे।



**मास्क बनाकर लगाएं :** मुलेठी तेल का मास्क बनाकर लगाने से भी काले धब्बों पर असर होता है। इसके लिए एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में कुछ बूंदें मुलेठी तेल मिलाएं और थोड़ा-सा गुलाब जल डालकर पेस्ट बना लें, फिर इस पेस्ट को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट तक सूखने दें। अब चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। यह मास्क त्वचा को गहराई तक साफ करता है और दाग-धब्बों को हल्का करता है।

### स्क्रब बनाकर इस्तेमाल करें

मुलेठी तेल का स्क्रब बनाना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जिससे आपकी त्वचा निखर सकती है। इसके लिए शक्कर या ओट्स पाउडर में कुछ बूंदें मुलेठी तेल मिलाएं और हल्का-सा गुलाब जल डालकर स्क्रब तैयार करें। इस स्क्रब को हल्के हाथों से अपने पूरे चेहरे पर मलें, खासकर उन जगहों पर जहां काले धब्बे हों, फिर ठंडे पानी से धो लें।

### मॉइस्चराइजर के साथ मिलाएं

अगर आप रोजाना नमी देने वाला इस्तेमाल करते हैं तो उसमें कुछ बूंदें मुलेठी का तेल मिला सकते हैं। इसके लिए हथेली पर थोड़ी मात्रा में नमी देने वाला लें, उसमें 2-3 बूंदें मुलेठी का तेल मिलाएं और अच्छे से मिक्स करके पूरे चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा नमी बनी रहेगी और धीरे-धीरे दाग भी कम होंगे। ध्यान रखें कि किसी भी नए उपाय का उपयोग करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें ताकि कोई एलर्जी ना हो।

## फिटकरी के इस्तेमाल से चेहरे पर आएगी रौनक इस तरह से करें यूज हो जाएगी स्किन ब्राइट

फिटकरी के बारे में तो आपने सुना ही होगा, ये कई घरेलु नुस्खों में भी काम आता है। क्या आपको पता है फिटकरी स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को ठीक करने में काफी फायदेमंद होती है। आइए जानते है फिटकरी स्किन प्रॉब्लम दूर करने में कैसे इस्तेमाल किया जाता है। हम आपको आज फिटकरी से एक ऐसा फेस पैक बनाने तरीका बताएंगे, जो आपके चेहरे से दाग-धब्बों को हटाने के साथ आपकी त्वाचा को निखारने में भी मदद करेगी। फिटकरी सदियों से त्वचा की केयर के लिए यूज किया जाने वाला एक नेचुरल प्रोडक्ट है, जिसमें एंटीसेप्टिक और एस्ट्रिंजेंट गुण होते हैं जो स्किन को साफ करके उसे स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। ये हमारे चेहरे से कील-मुंहासों को कम करने, स्किन को टाइट कर फाइन लाइंस को हल्का करने और ब्राइट स्किन पाने में मदद करता है।



### सामग्री

फिटकरी पाउडर- 1 चम्मच
बेसन- 2 चम्मच
गुलाब जल- 4 चम्मच
कच्चा दूध- जरूरत अनुसार

**विधि :** इस नुस्खे का उपयोग करने से पहले सुनिश्चित करें कि आपकी त्वचा पर कोई एलर्जी या समस्या न हो। सबसे पहले एक कटोरी लें और उसमें बेसन, आधा चम्मच फिटकरी और गुलाब जल डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इसमें जरूरत अनुसार कच्चा दूध मिलाएं और एक स्मूथ पेस्ट तैयार करें।

अब इस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें। जब समय पूरा हो जाए, तो फेस वॉश से धो लें। इससे आपके चेहरे पर निखार आएगा और स्किन सॉफ्ट हो जाएगी। इस नुस्खे का इस्तेमाल आप हफ्ते में 1-2 बार कर सकती हैं, लेकिन ध्यान रखें कि फिटकरी त्वचा को सूखा बना सकती है, इसलिए इसका उपयोग हफ्ते में 2 बार ही करें। अगर आपकी त्वचा पर कोई समस्या है, तो इसे उपयोग करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेना न भूलें।

## शादी के दिन दूल्हे राजा पहन सकते हैं ये एक्सेसरीज, लुक बन जाएगा और भी शानदार

शादी हर पुरुष के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है, जब वे अपनी दुल्हन को घर लाते हैं। दूल्हे इस खास अवसर की तैयारी करते समय सारा ध्यान परिधान और जूतों पर लगा देते हैं। हालांकि, शादी वाले लुक को शानदार बनाने के लिए एक्सेसरीज पहनना भी जरूरी होता है। इनके जरिए आपका लुक निखर सकता है और आप राजा की तरह शाही दिख सकते हैं। शादी के टिप्स और फैशन टिप्स में जानिए दूल्हों के लिए एक्सेसरीज।

**सिर पर सजाएं साफा, सेहरा और कलगी :** शादी के दिन दूल्हों का लुक बिना साफे और सेहरे के अधूरा रहता है। अपनी शेरवानी से मेल खाते हुए रंग का साफा बंधवाएं और उसपर कोई लटकन वाला सेहरा सजा लें। अपने संपूर्ण लुक



में एक अधिक शाही स्पर्श जोड़ने के लिए साफे के ऊपर कलगी भी लगाएं। यह एक तरह का ब्रोच होता है, जिसमें अलग-अलग रंगों वाले चमकीले नग आदी लगे होते हैं।

**ओढ़ें शाही दिखने वाला स्टोल :** दूल्हों को अपनी शादी की शेरवानी के ऊपर एक शानदार दिखने वाला स्टोल भी स्टाइल करना चाहिए। अपनी दुल्हन के लहंगे के रंग से मेल खाता हुआ स्टोल ओढ़ें। इससे आप दोनों के परिधान एक दूसरे से मेल खाएंगे और आपको शाही लुक भी मिलेगा। आप आकर्षक दिखने के लिए मखमल, सिल्क या बनारसी सिल्क का स्टोल ओढ़ सकते हैं।

**गले में पहनें मोतियों वाला हार:** दुल्हनें अपनी शादी के दिन गले में हार पहनती हैं और कई तरह के जेवर स्टाइल करती हैं। हालांकि, इन दिनों दूल्हे भी शादी के दिन हार पहनना पसंद करने लगे हैं। पुराने समय में राजा-महाराजा हार पहना करते थे, जो चलन एक बार फिर लौटकर आ रहा है। आप अपनी शेरवानी पर खूबसूरत दिखने वाला मोतियों का हार या कुंदन का हार स्टाइल कर सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### न केवल सुंदरता बढ़ाती है, बल्कि एक खास पहचान भी देती है

## महिलाओं के लिए पारंपरिक तरीके से पगड़ी बांधने के सरल टिप्स, सुंदरता के साथ-साथ देती है खास पहचान

पारंपरिक पगड़ी भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है। यह न केवल सुंदरता बढ़ाती है, बल्कि एक खास पहचान भी देती है। आजकल महिलाएं भी पगड़ी पहनने का चलन अपना रही हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और उपयोगी टिप्स देंगे, जिससे आप अपनी पगड़ी को सही तरीके से बांध सकें और उसे स्टाइलिश बना सकें। सही कपड़े का चुनाव, सिर की माप लेना, परतों को सही तरीके से रखना और सजावट जोड़ना जैसे टिप्स आपकी मदद करेंगे।



### सही कपड़े का चुनाव करें

पगड़ी बांधने के लिए सही कपड़े का चुनाव बहुत जरूरी है। सूती या रेशमी कपड़ा सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह हल्का और आरामदायक होता है। सूती कपड़ा गर्मियों में ठंडक देता है, जबकि रेशमी कपड़ा सर्दियों में गर्माहट बनाए रखता है। इसके अलावा रंगों का चयन भी महत्वपूर्ण होता है। अपने परिधान के अनुसार विपरीत या मेल खाते रंग चुनें ताकि आपका लुक आकर्षक लगे।

### सिर की माप लें

पगड़ी बांधने से पहले अपने सिर की माप लेना जरूरी होता है ताकि पगड़ी ठीक से फिट हो सके। इसके लिए एक माप पट्टी लें और अपने सिर के चारों ओर नाप लें जहां आप पगड़ी बांधना चाहती हैं। इससे आपको पता चलेगा कि कितनी लंबी और चौड़ी पगड़ी चाहिए। सही माप लेने से पगड़ी पहनने में आसानी होगी और यह आपके सिर पर अच्छी तरह टिकेगी, जिससे आपका लुक भी बेहतरीन लगेगा।

### परतों को सही तरीके से रखें

पगड़ी बांधते समय परतों को सही तरीके से रखना बहुत अहम होता है ताकि वह अच्छी तरह बंध सके और खुलने न पाए। सबसे पहले एक छोर को पकड़कर सिर पर रखें, फिर धीरे-धीरे दूसरी तरफ ले जाकर उसे लपेटें। हर बार जब आप लपेटें तो ध्यान दें कि परतें समान रूप से हों और कोई ढीलापन न हो। इसके अलावा अंत में पिन का उपयोग करें ताकि पगड़ी मजबूती से बंधी रहे।

### सजावट जोड़ें

अगर आप अपनी पगड़ी को थोड़ा खास बनाना चाहती हैं तो उसमें सजावट जोड़ सकती हैं जैसे मोती, गोटा-पट्टी या कढ़ाई वाला किनारा लगाएं। इसके अलावा आप रंग-बिरंगे धागों से भी सजावट कर सकती हैं। इससे आपकी पगड़ी अधिक आकर्षक लगेगी और आपके पूरे लुक में चार चांद लग जाएंगे। आप चाहें तो छोटे-छोटे



### अभ्यास करें

पहली बार में ही पूरी तरह से सही पगड़ी बंधना मुश्किल हो सकता है इसलिए धैर्य रखें और अभ्यास करते रहें। जितना अधिक अभ्यास करेंगी उतनी ही जल्दी आपको इसमें महारत हासिल होगी। आप अलग-अलग स्टाइल और तरीके आजमाकर देख सकती हैं ताकि आपको सबसे अच्छा तरीका मिल सके। इस प्रकार इन सरल टिप्स की मदद से आप आसानी से पारंपरिक पगड़ी बांध सकती हैं, जो न केवल सुंदर दिखेगी बल्कि आरामदायक भी होगी।